e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 269

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
01.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
समय, शक्ति और पैसा, कभी भी एक साथ नहीं आते!



# गढ़वा व रंका प्रखंड के 200 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के गढ़वा एवं रंका प्रखंड के 200 से अधिक महिला-पुरूषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर रंका प्रखंड के विभिन्न गावों के 100 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जबकि गढ़वा प्रखंड अंतर्गत तिलदाग पंचायत के 100 से अधिक महिलाएं झामुमो में शामिल हो गई। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में रंका प्रखंड के बाहाहारा गांव के फूलचंद प्रसाद, राजेश प्रसाद, मथुरा साव, उत्तम साव, नारायण यादव, धनंजय यादव, सुनील साव, मदन साव, सिरोई खूर्द पंचायत के ग्राम उंचरी हरिजन टोला के अरविंद राम, नंदकिशोर राम, लालदेव राम, सामदेव राम, शिव कुमार राम, एस कुमार राम, सत्येंद्र राम, उपेंद्र राम, धर्मदेव राम, मदन कुमार, भरत कुमार, सोनदाग पंचायत के हुरदाग गांव के सूर्यदेव राम, मंजरी देवी, प्रभा देवी, पुष्पा देवी, भोला राम, पाल्हे गांव के लोकनाथ राम, मो. शाहिद अंसारी, कमला देवी, गढ़वा प्रखंड के तिलदाग से कविता देवी, ममता देवी, चांदनी देवी, रिंकी देवी, मनिता देवी, दुलारी देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, मीना देवी, जमीला बीबी, तैबुन बीबी, कमरून बीबी, नुरैशा बीबी सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी माता, बहनों, बुजुर्ग, युवाओ का हार्दिक स्वागत है। आप सभी को पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें। साथ ही जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायोग करें। पार्टी में शामिल होने वाले ग्रामीणों ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। इन्होंने जिस तरह से पूरे गढ़वा में ऐतिहासिक विकास कार्य किया है, इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर ही सभी लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री का श्री बंशीधर नगर में भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रविवार को गढ़वा से वाराणसी जाते समय केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे का श्री बंशीधर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही उनके सड़क मार्ग से वाराणसी जाने की सूचना मिली, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के निकट मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हो गए।मंत्री के काफिले के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाए और उन्हें फूल माला, अंगवस्त्र, तथा श्री बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण और माता राधिका की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने बताया कि सतीश चंद्र दुबे गढ़वा प्रवास के बाद वाराणसी से दिल्ली के लिए उड़ान पकड़ने जा रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी, नीरज कुमार, मुकेश चोबे, राजीव रंजन तिवारी, प्रमोद शुक्ला, विकास पांडेय, सुधीर प्रजापति, नंदकिशोर प्रसाद, मनोज बारी, अनिल दास, लालमोहन प्रसाद यादव, रवि रंजन पांडेय, सक्षम सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान के तहत पाटन थाना मे 17 आवेदन प्राप्त हुए



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना परिसर मे सोमवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पाटन थाना, पंडवा थाना, नवाजयपुर थाना के ग्रामीण उपस्थित हुए और लोगो ने अपने समस्या को रखा, जिसमे पाटन थाना से 11 शिकायत प्राप्त हुआ जिसमे 5 निस्पादित किया गया, पंडवा थाना से 4 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे 2 का निस्पादन किया गया। नावाजायपुर थाना से 2 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे दोनों का निस्पादन किया गया। जन शिकायत कार्यक्रम मे कुल 17 आवेदन प्राप्त हुआ तथा 9 का निष्पादन किया गया। मोके पर थाना प्रभारी लालजी, नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय, पंडवा थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## 15 महीने बीत जानें के बावजूद भी पिता के हत्यारे नामजद अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं : संजीत



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना कैंपस में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संजीत कुमार अपने पिता का हत्यारे के गिरफ्तारी और न्याय को लेकर छतरपुर थाना में जन शिकायत कार्यक्रम में गुहार लगाया। लेकिन उसे न्याय की उम्मीद नहीं। संजीत उरांव ग्राम भीखही थाना छतरपुर ने बताया की मेरे पिताजी 15 महीने हो गए। लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला और प्रशासन के सुधार लगाने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है लेकिन अभी तक अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए। उन्होंने कहा की मेरे पिता एक समाजसेवी थे हमेशा सभी को भला करते थे, और मेरी मां पीडीएस डीलर थी तो मां का डीलर वाला काम पिता जी ही संभाला करते थे। 15 महीने पहले की अपने ही रिश्तेदार अवधेश उरांव से हमलोगो के साथ आपसी विवाद हुआ और इस आपसी विवाद में उन्होंने हमलोग पूरे परिवार के साथ अवधेश उरांव ने गुंडों को बुलाकर दिनांक 05 जुलाई 2023 को मारपीट की गई जान से मारने की धमकी दी गई और 5 दिन बाद मेरे पिताजी को कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा घर में घुस कर हत्या भी करवा दिए।

# पिपरा में एनसीपी कार्यकर्ताओं ने विचार गोष्ठी का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गजना के समीप एनसीपी के सभी प्रकोष्ठे के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जहाँ युवाओं की संख्या अधिक देखी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइया ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं. सभा में उपस्थित सभी लोगो ने एक स्वर में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्णय का स्वागत किया। भारी से भारी संख्या में हम सभी कार्यकर्ताओं को 3अक्टूबर को रांची चलना है. साथ ही कहा कि जब प्रदेश अध्यक्ष भाजपा की सदस्यता प्राप्त करेंगे, उसी समय सभी कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो जायेंगे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जो क्षेत्र का विकास किया, गरीबों को मान सम्मान दिया है, उसे भुला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव से अधिक मतों से अपने नेता को विधानसभा भेजने का काम करेंगे। पार्टी का संगठन बूथ स्तर पर भी काफ़ी मजबूत है। अब इस क्षेत्र में किसी की दाल गलने वाली नहीं है। बैठक सह गोष्ठी में प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां, विजय भुइयां, पिंटू सिंह कमलेश प्रजापति, चंदन विश्वकर्मा, रेणु यादव, रामप्रवेश भुइयां, हरी भुइयां, कंधा सिंह, सुनील सिंह छोटू सिंह रविन्द्र सिंह के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एसबीआई की शाखा का नए परिसर में हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारतीय स्टेट बैंक हैदरनगर शाखा का नए परिसर इंद्राणीदेव कांप्लेक्स हैदरनगर में भव्य उद्घाटन सोमवार को वयोवृद्ध पेंसनर सिद्धि सिंह एवं शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पेंसनर सिद्धि सिंह ने शाखा प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्षो से पुराने भवन में शाखा को चलाया जा रहा था।जिससे ग्राहकों को काफी समस्या होती थी। उन्होंने आधुनिक सुसज्जित नए परिसर में शाखा कार्यालय स्थानांतरित कराकर सराहनीय कार्य किया है। अब ग्राहकों को शाखा कार्यालय में अगर अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ेगा तो परेशानी नहीं होगी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि परिसर पूरी तरह वातानुकूलित है। ग्राहकों को बैठने के साथ साथ उनके मनोरंजन के लिए टीवी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के बावजूद ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का हमेशा प्रयास रहता है। उन्होंने ग्राहकों से भी सहयोग की अपील की है। मौके पर व्यवसाई कौशल किशोर ने उपहार देकर शाखा प्रबंधक को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता देकर सराहनीय कार्य किया है। मौके पर परिसर के मालिक उदय प्रताप शहीदेव उर्फ बाबू, फील्ड ऑफिसर प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, श्याम बिहारी मेहता, शिवकुमार, राकिब हुसैन, सद्दाम अहमद, मुकेश मेहता, कौशल किशोर, टिंकू लाल, अंकित अग्रवाल, मथुरा प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद थे।

## पार्टी के हित में होगा रघुवर सरकार के सुशासन की चर्चा : ज्योतिरीश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने रघुवर सरकार के सुशासन को भाजपा की पूंजी बताया हैं। राज्य में सत्ता वापसी के लिए रघुवर सरकार सुशासन की भी चर्चा चुनावी मंचो से हो तो इसका व्यापक लाभ पार्टी को मिल सकता हैं। इसे लेकर श्री सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृह मंत्री,प्रदेश चुनाव प्रभारी,सह प्रभारी को पत्र लिखा हैं। पत्र में मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा हैं कि आज पार्टी में अनुभव संपन्न नेता हैं। बाबूलाल मंराडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा हैं। राज्य के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर मंराडी जी के कार्यकाल में ही शांति स्थापना की दिशा में काम हुआ। वह जिस पलामू प्रमंडल से आते हैं,वहां उग्रवादी बंकर में रहते है इसका उदभेदन मंराडी जी के कार्यकाल से ही शुरू हुआ। मुंडा जी ने उस कार्य को आगे बढ़ाया। आज की तिथि में यह सब बताने के लिए हमलोगो के पास है। खासतौर पर रघुवर दास का 2014 से 2019 का कार्यकाल राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता हैं। राज्य गठन के बाद स्थिरता के साथ पांच वर्षो का कार्यकाल पूरा करने वाले पहले सीएम हैं। पूरे राज्य को नक्सल मुक्त बनाने से लेकर महिलाओं को स्वालंबी और समाज में प्रतिष्ठित करने के लिए एक रूपये में जमीन की रजीस्ट्री शुरू कराया।उनके शासन काल में एक आम आदमी भी सीएम तक सीधे मुख्रमंत्री जनसंवाद के माध्यम से अपनी बात पहुंचा सकता था। पर आज राज्य में कुशासन है। ऐसे में हमारी जो राजनीतिक समझ हैं।उसके अनुसार वह अपनी बात केंद्रीय व राज्य नेतृत्व तक पहुंचा रहे हैं।

## सड़क पर जल जमाव से ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुंदपुर में सोमवार को जर्जर कीचड़ युक्त बदबूदार पानी से भरा सड़क के समक्ष युवाओं ने नारा लगाकर विरोध जताया। युवाओं ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को कोसते हुए नारा दिया की दारू मुर्गा पर बीकोगे तो ऐसा ही रोड पाओगे, 500 रुपये पर बीकोगे तो ऐसा ही रोड पाओगे एवं ऐसा विधायक चुनोगे तो ऐसा ही रोड पाओगे आदि नारे लगाए गए। ज्ञात हो की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा 11 मार्च 2024 को मुख्य पथ से मुकुंदपुर बस्ती होते हुए पंडा नदी तक विशेष मरम्मती कार्य के लिए शिलापट्ट लगाकर शिलान्यास किया था। परंतु संवेदक द्वारा लापरवाही बरतते हुए सात महीना तक उक्त सड़क का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करने एवं कीचड़ युक्त सड़क पर बदबूदार पानी जमे रहने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर विवेक कुमार गुप्ता, पप्पू चौधरी, उपेंद्र गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, आलोक कुमार, मेघन वियार, गोलू ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, दशरथ चंद्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## धार्मिक व पर्यटक स्थलों पर चलाया गया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर पंचायत के नगर प्रबंधक रवि कुमार के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐतिहासिक मंदिर श्री बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, काली मंदिर, शारदा मंदिर, संत रविदास और बाबा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल, सूर्य मंदिर, छठ घाट तथा पुरैनी पोखरा स्थित छठ घाट पर सफाई किया गया। रवि कुमार ने नगर पंचायतवासियों से जल स्रोतों के किनारे गंदगी नहीं फैलाने का आग्रह किया।

## कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने बूथ संख्या 181 पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बातो को सुना

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को पाटन प्रखंड के ग्राम हिसरा बरवाडीह बूथ संख्या 181 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान के नेतृत्व में सुना गया एवं केंद्र के चलाए गए दर्जनों योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया ।इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रभात भुईयां भी मौजूद रहे। उन्होंने भी भ्रष्ट झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में विस्तार पूर्वक लोगो को जानकारी दिया।


### झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से सम्बंधित जानकारी

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य छोटे जुगाली करने वाले पशुओं, मुर्गीपालन और सूकर पालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, नस्ल सुधार से प्रति पशु उत्पादकता में मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह (SHGs), कृषक उत्पादक संघ (FPOs), कृषक सहकारिता संगठन (FCOs), Joint Liability Groups (JLGs) तथा धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदन कर सकतें है।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है:–

- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फार्म : रू0 25 लाख तक
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्म : रू0 50 लाख तक
- सूकर प्रजनन फार्म : रू0 30 लाख तक
- चारा मूल्य संवर्धन इकाईयाँ : रू0 50 लाख तक
- चारा भंडारण इकाईयाँ : रू0 50 लाख तक

इस योजना में सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकता है। पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएलएम पोर्टल डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर संपर्क किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क करें।

इच्छुक व्यक्ति https://nlm.udyamimitra.in पर अपने आवेदन अपलोड कर सकते है। निवेदक,

जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा

PR 337624 (Animal Husbandry)24-25*D


# संदीप सरकार ने किया प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के अन्नपूर्णा होटल में युवा एकता मंच पलामू सह संदीप सरकार का कार्यकर्ता बैठक किया गया। जिसमें आगरा उत्तर प्रदेश से चलकर आए श्यामवीर सिंह बने मुख्य अतिथि वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली से चलकर आए हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यदेव जायसवाल, रांची सिविल कोर्ट का वकील मदन महतो जितेंद्र कुमार, अखिलेश विश्वकर्मा उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि श्यामवीर सिंह ने कहा कि राजनीतिक में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।विशिष्ट सीवी सिंह जो जयपुर राजस्थान से आएं हैं ने कहा की संदीप सरकार की मजबूती और जज्बे इनको मुकाम तक ले जाएगा, और साथी साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं से कमर कस कर तैयारी करने के लिए अपील किए।भावी स्थानीय विधायक उम्मीदवार संदीप सरकार ने कहा, मैं छतरपुर पाटन विधानसभा में व्यक्तित्व और विचारधारा लड़ाई को लड़ रहा हु। मेरा प्राथमिकता भ्रष्टाचार से मुक्त करना, किसानों की सिंचाई के लिए समुचित पानी की व्यवस्था, अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक पोसमास्टम, सभी डिपार्टमेंट के डॉक्टर डिजिटल एक्सरे कि संपूर्ण व्यवस्था हर गांव में जो आवा गमन के स्थिति काफी खराब है उन सभी गांव को कालीकरन सड़क से जोड़ना, हर प्रखंड और अलग-अलग का एक ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं अगरबत्ती तो कहीं मोमबत्ती कहीं साबुन कहें सिर्फ इत्यादि बनवाकर महिलाओं को रोजगार से जोड़ना, शिक्षा को बढ़ावा देना, बिजली की लचर व्यवस्था को सुधार कर 24 घंटा बिजली दिलवाना इन सभी कार्यों को एक वर्ष के भीतर की जाएगी।इसके अतिरिक्त भी छतरपुर पाटन विधानसभा का मेनिफेस्टो तैयार की गई है। जिसके अनुसार हर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र तथा अनुबंध कर्मी स्वयं सहायता समूह दुकानदार मजदूर किसान विद्यार्थी सभी के लिए बेहतर करू किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामजन्म राम, डॉक्टर अजय कुमार, ममता देवी, सरिता देवी सहित कई कार्यकर्ता सह संगठन के साथी उपस्थित रहे।

# पानी निकासी के मुद्दे पर ग्रामीणों ने 6 घंटे किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड के खरसोता चार मुहान के पास पानी निकासी की समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को छह घंटे तक सड़क जाम कर दिया। यह घटना थाना क्षेत्र के खरसोता चार मुहान गोसांग मोड़ की है, जहां उग्र ग्रामीणों ने सुबह 6 बजे से 11 बजे तक सड़क जाम कर पानी की निकासी की मांग की।सूचना मिलते ही बीडीओ शतीश भगत, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई संजय कुमार मुंडा और एएसआई आलोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने ग्रामीणों से वार्ता कर पानी निकासी की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम को समाप्त किया गया। बीडीओ ने तत्काल जेसीबी मशीन मंगाकर नाला खुदाई का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, जिससे नाले को पुनः भरना पड़ा।बीडीओ श्री भगत ने कहा कि अंचल अमीन को निर्देश दिया गया है कि सड़क के दोनों किनारों की मापी की जाए।


### झारखण्ड सरकार ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/02/2024-25 Gr- 04 (3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | सिमडेगा जिला के बानो प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत रायकेरा, ग्राम–रायकेरा में बैसोर से रेलकुण्डी जाने वाले पथ में रेलकुण्डी नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 259.52800 | 520000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 3:00बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

PR 337591 Simdega (24-25)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 269

सुविचार
समय, शक्ति और पैसा, कभी भी एक साथ नहीं आते!

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
01.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### इंडोनेपाल बार्डर से पकड़ी गई नेपाली महिला, 30 लाख की चरस जब्त

**बहराइच :** सीमा सुरक्षा बल के जवानों और रूपईडीहा पुलिस की टीम ने रविवार की रात को चेकिंग के दौरान इंडोनेपाल बार्डर के पास से एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरा उसके पास 30 लाख रुपये की कीमत का चरस जब्त किया गया है।प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के मुताबिक उपनिरीक्षक विजय कुमार फोर्स और एसएसबी जवानों संग नेपाल बार्डर पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध एक महिला को रोककर तलाशी ली गई। उसके पास से एक किलोग्राम चरस बरामद हुआ है। इसकी बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये होने का अनुमान है। महिला की पहचान नेपाल देश के बागलुड जिला में निसि बड़ा नम्बर सात में रहने वाले मन बहादुर की पत्नी जिवन कुमारी है। पुलिस टीम उससे पूछताछ कर रही है कि ये चरस की खेप उसे किसने दी और कहा ले जा रही थी।

### मुख्यमंत्री आतिशी ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने सोमवार को पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री है। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद बीते 21 सितंबर को आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने राष्ट्रपति से मुलाकात का समय मांगा था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

धनबाद : मुख्यमंत्री ने 36996 लाभुकों को सौंपा जॉब ऑफर लेटर

# राज्य में खुलेंगे श्रम आवासीय स्कूल : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एरोड्रम ग्राउंड, बलियापुर, धनबाद में आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव 2024 जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है। इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है। देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है। अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराशकर रोजगार अर्जित करें। विभिन्न कंपनियों के सीईओ तथा एमडी अब राज्य सरकार के साथ एमओयू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है। मेरी ओर से भी आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहें।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि श्रम विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिला में श्रम स्कूल खोला जाएगा।

### शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित कर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इसी के मद्देनजर हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले। ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले नौजवानों से कहा कि आज आपसभी का यह पहला पड़ाव है।

**मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से कहा कि आप सभी के लिए आज अपने परिजनों के साथ खुशी मनाने का दिन है। निश्चित रूप से आपके घर में आज मुस्कान आएगी। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जोहार।




### रोजगार उपलब्ध कराने का निरंतर हुआ है प्रयास

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से लोगों को ऋण उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेती-बाड़ी की नई और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है ताकि पढ़े लिखे नौजवान भी खेती से जुड़कर आय का स्रोत ढूंढ सकें।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, इरफान अंसारी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, अपर सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सुनील कुमार, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल,नवरिस के सीईओ मिस. तकाको ओशिबुचि, नवरिस के एमडी संबंधन राजकुमार, ईएफसी ग्लोबल फेसिलिटीज से मिस श्रुति कार्तिक के अलावा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहें।

## दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए की गई राज्य स्तरीय बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के क्रम में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जैसे मतदान केंद्रों तक रैम्प, व्हीलचेयर, शौचालय, आवश्यकता अनुसार वालंटियर की व्यवस्था करने के लिए पूर्व से ही कार्ययोजना तैयार करते हुए इनके अनुपालन की व्यवस्था करनी है।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ ही उनके मतदान प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए पदाधिकारी कार्ययोजना सुनिश्चित कर लें। वे राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि मतदाताओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर से प्रशिक्षण वीडियो बना लें। साथ ही सक्षम ऐप के बारे में भी वृहत प्रचार प्रसार के माध्यम से सभी दिव्यांगों के बीच इसकी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में रैंप की मरम्मती करा लें साथ ही शौचालय, रनिंग वाटर एवं बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर लें।बैठक में राज्य निशक्तता आयुक्त,निदेशक उच्च शिक्षा, राज्य परियोजना निदेशक जेईपीसी, निदेशक सामाजिक कल्याण, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग, प्रतिनिधि नेहरू युवा केंद्र रांची, झारखंड पीडब्लूडी आइकन गोपिका आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।









# ओरमांझी में हाथियों का आतंक जारी, जंगली हाथियों ने तोड़े दर्जनों घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड में लगातार जंगली हाथियों के उत्पात का सिलसिला जारी है। प्रखंड के कई ग्रामीणों का घर जंगली हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है। जंगली हाथियों के तांडव से लोग काफी परेशान हैं। कुटे पंचायत अंतर्गत मुट्टा के भेलवाटोली गांव में दर्जनों ग्रामीणों के घर में रविवार की रात 22 जंगली हाथियों के झुंड ने घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को खा गए। वहीं दिलीप तिर्की ने बताया कि मेरा घर बस्ती से थोड़ा हट कर है। दो जंगली हाथियों ने रात 12 बजे गांव में प्रवेश किया। इसके बाद एक हाथी पेड़ पौधे को बर्बाद करता रहा। वहीं दर्जनों हाथी घर को ध्वस्त करने लगा। हम और परिवार जग गए और किसी तरह अपनी जान बचा कर गांव की ओर भागे तथा ग्रामीणों को आवाज देकर जगाया। ग्रामीण उठे और हाथी को गांव से बाहर भगाने में जुट गए। बहुत मुश्किल के बाद हाथी मुट्टा जंगल की ओर भगाने में सफल रहे। वहीं खबर लिखे जाने तक हाथी मुट्टा जंगल में अपना अड्डा बनाए हुए थे। वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मौके पर पहुंचकर सभी प्रभावित घरों के ग्रामीणों को सूखा राशन देते हुए कहा कि जितना भी प्रभावित ग्रामीणों को सरकारी मुवआजा के साथ-साथ सभी सुविधाएं दी जाएगी। सभी को घर के बदले घर मिलेगा। वहीं अंचल अधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन ने मौके पर पहुंचकर सभी प्रभावित घरों को सूखा राशन दिया। और जो भी सरकारी मुवआजा होगा सबको दिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, मोबिन अंसारी, पंचायत समिति सदस्य आमिर हमजा, मुखिया नाजरीन परवीन, समाजसेवी सुंदरलाल महतो, अगमलाल महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में आज चार बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।इस बैठक में क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि व राजनैतिक प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित पूजा समिति के लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

## सीसीएल अधिकारी के निधन पर काउंसिल एवं मोर्चा ने किया शोक प्रकट

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के सीनियर मैनेजर माईनिंग एके पाल के निधन पर ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई को-आर्डिनेशन कौंसिल एवं रैयत विस्थापित मोर्चा ने शोक संवेदना प्रकट किया है।इस संबंध मे मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि स्व पाल अशोक परियोजना के कोयला उत्पादन व डिस्पैच मे हमेशा याद किए जायेंगे।उनका निधन कंपनी के लिए अपूर्णीय क्षति है।कंपनी के प्रति उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।शोक प्रकट करने वालों में इकबाल हुसैन,रामचंद्र उरांव, जेपी महाराज,रतन लाल, प्रेमचंद कुमार,इंद्रजीत उरांव, मोहम्मद एहसान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023 अंतर्गत खेल किट का वितरण विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया जायगा। साथ ही सिद्धु कान्हु युवा क्लब के पांच टीम कराँजी, भैसादोन, ईटा, रोगो और टेंगरिया के टीम के बीच 25-25 हजार का चेक का वितरण किया जायगा। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम बालिकाओं के बीच में नेट बॉल प्रदर्शनी का मैच खेला जायेगा। दूसरा बालिकाओं के बीच में बेड़ो पंचायत और नेहालू पंचायत के बीच खेला जायेगा। तीसरा मैच मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023 के विजेता व उप विजेता टीम के बीच खेला जायेगा। चौथा मैच प्रशासन, प्रेस व जनप्रतिनिधियों के बीच में सद्भावना मैच खेला जायेगा।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण सगा ने शक्ति अभियान को लेकर किया प्रेस कन्फ्रेंस



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस कार्यालय सांसद कालीचरण मुंडा के आवास में युवा कांग्रेस की टीम ने जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व मे इंदिरा फेलोशिप के 1 साल पूरा होने के उपलक्ष में शक्ति अभियान प्रोग्राम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लॉन्च किया गया। मौके में अरुण संगा ने कहा कि युवा नारी शक्ति देश की रीढ़ है। और जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक कद्दावर नेत्री हुआ करती थी ठीक ऐसे ही युवा कांग्रेस महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान को लेकर काफी सजग है ।और हर एक महिला को इंदिरा गांधी के रूप में देखना चाहती है। मौके में उन्होंने यह भी कहा की आज की महिला कांग्रेस की सोच की वजह से उनसे जुड़ेगी क्योंकि कांग्रेस पार्टी की ही देन है जो उन्होंने वृद्धा पेंशन लागू किया था। और आज झारखंड में मैया योजना जो लागू है वह कहीं ना कहीं कांग्रेस की ही देन है। मौके में जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, खुंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष अध्यक्ष एंजेला हंस, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पाहन, प्रखंड सचिव शांतिप्रिया, मोहम्मद उस्मान, मंजुला हंस, अश्विता खालखो आदि युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आयुष मंत्रालय की शोआ शम्सी को मिला बडिंग साइंटिस्ट अवॉर्ड



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शोआ शम्सी को वैज्ञानिक शोध में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित बडिंग साइंटिस्ट अवॉर्ड और रू 10,000 की नकद राशि से सम्मानित किया गया है। वह वर्तमान में आयुष मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित एक परियोजना पर काम कर रही हैं, जो मौखिक बीमारियों से निपटने पर केंद्रित है। मौखिक स्वास्थ्य के अलावा, शोआ ने आईसीएमआर के मॉलिक्यूलर साइंसेज डिवीजन में एचआईवी और COVID-19 से संबंधित महत्वपूर्ण शोध में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।शोआ ने यह सम्मान अपनी मां स्वर्गीय रफ़त शम्सी की स्मृति में, अपने पिता शम्सुद्दीन, अरमेर शम्स, ज़ारा ख़ान, राज रंजन, अफ़ज़ल आलम, और अपने प्रतिष्ठित मार्गदर्शक डॉ. अर्पिता राय, डॉ. वर्षा श्रीधर और डॉ. वेंकट कृष्ण को समर्पित किया है।

## पिपरवार के कल्याणपुर में तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया मेला का हुआ समापन

# बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद समापन समारोह में हुई शामिल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में चल रहे तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया मेला का समापन किया गया।समापन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई।इस अवसर पर जितिया जतरा मेला समिति के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद का जोरदार तरीके से स्वागत किया।इसके बाद समापन समारोह के अवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह जतरा लोगो का जोडने का काम करती है।जतरा में लोग एक दूसरे से मिलते जुलते है।उन्होंने कहा कि कल्याणपुर में लगने वाला जितिया मेला चतरा जिले का सबसे बड़ा मेला है।वर्तमान में आज के युवा पीढ़ी इसे और बेहतर ढंग से आयोजित करने का काम कर रहे हैं।नशा से सम्बंधित उन्होंने लोगों को बताया कि नशा से नुकसान ही होता है।कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर साव ने किया। इस अवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।इस मौके पर जितिया मेला के अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत,टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी,कासिम उर्फ मुन्ना,बालेश्वर उरांव, शिवशंकर साव,धनेश्वर गंझू, क्युम अंसारी,टिकेश्वर महतो, सचिन पासवान,मोहम्मद अब्दुल्ला,मानेश्वर भगत, बालकंत उरांव,दिनेश टाना भगत,बसंत गुप्ता,गौरी देवी, अनिमा कुजुर,अरुन उरांव, रमेश मुंडा,श्रीवास्तव पासवान,मिश्रा पासवान सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# अशोक परियोजना में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के सेवानिवृत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई,जबकि नये परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में सबसे पूर्व अशोक परियोजना के वर्तमान परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के सेवानिवृत होने पर उन्हें माला,शॉल व उपहार प्रदान कर विदाई दी गई,जिसके बाद अशोक परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह का माला पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वर्तमान परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने परियोजना के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को एक सूत्र में बांधकर परियोजना के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाया।उनके कार्यकाल को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।वहीं मजदूर की समस्या का उन्होंने भरपूर सहयोग कर समाधान करने का काम किया है।वक्ताओ ने नये परियोजना पदाधिकारी से भी अशोक परियोजना के बेहतर संचालन के लिए कामना की।इस अवसर पर खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,मिथिलेश कुमार,धीर प्रताप,राजेंद्र कश्यप,आभाष त्रिपाठी,जगदीश मंडल, हेमचंद महतो,अविनाश कुमार,अनुज कुमार सहित परियोजना के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# राय अंबेडकर मैदान में 10वीं ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय आम्बेडकर मैदान मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा 10वीं ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के द्वारा फीता काटकर एवं बॉल को कीक मारकर इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में राय पंचायत की मुखिया शीला देवी एवं झारखंड पब्लिक स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान, समाजसेवी जगदीश सोनी, गुड़िया देवी,दीपक महतो, रितेश केसरी,राजू गुप्ता, लखन महतो,यशोदा देवी, विजय प्रजापति,चंद्रशेखर उपस्थित थे इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच एफसी डुंडू बनाम एलएमटी मिलन क्लब राय के बीच खेला गया, जिसमें एफसी डुंडू की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज किया।मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार रोनिक कश्यप को दिया गया।वही दूसरा मैच आदर्श क्लब मासीलॉन्ग बनाम बड़कीटांड़ के बीच खेला गया,जिसमें बड़कीटांड़ की टीम ने पेनाल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज किया।मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार बड़कीटांड़ टीम के गोलकीपर मनीष गंझु को दिया गया।वहीं तीसरा मैच एफसी डुंडू बनाम बड़की टांड़ के बीच खेला गया, जिसमें पेनाल्टी शुट आउट में एफसी डुंडू की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की।एफसी डुंडू टीम के गोलकीपर प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खिलाड़ी डीएसपी आरएन चौधरी ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और गांव का नाम रोशन करने की अपील की।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के सचिव गणेश कुमार महतो, विजय पहान,पारस महतो, संतोष प्रजापति,नरेश महतो, बबलू कुमार महतो,शंकर महतो,राजीव साहनी,कृष्ण कुमार साहनी,टिकेश्वर महतो सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन और जीतने की भावना सिखाता है : प्रवेज आलम



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के डाड़कंडरिया गांव में सोमवार को कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज आलम ने खेल टीमों के बीच जर्सी का वितरण किया। वितरण पहाड़कंडरिया, लेड़हाटोली, मुरतो, मसियातु, ढ़ोठा टोली, सेमर टोली, चचकपी सहित सात टीम के बीच किया। मौके पर प्रवेज आलम ने कहा कि हमारे जीवन में खेल का बहुत महत्व है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन और जीतने की भावना सिखाता है। यह हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है और हमें सफलता की ओर बढ़ने में मदद करता है। जीतने की भावना सिखाता है। यह हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है और हमें सफलता की ओर बढ़ने में मदद करता है। उन्होने आगे कहा कि जर्सी वितरण समारोह का आयोजन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा अपने आवास बनहोरा में होना तय किया गया था। जिसको प्रवेज ने खिलाड़ियों के सुविधा को ध्यान रखते हुए अपने क्षेत्र में ही वितरण करवाने हेतु आग्रह किया और विधायक ने अपना मंजूरी दे दी। उन्होने आगे बतलाया कि बाकी बचे नरकोपी और बेड़ो के टीमों के बीच जल्द जर्सी का वितरण किया जायगा। मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रबुल अन्सारी, इम्तियाज आलम, वाहिद अंसारी उर्फ चीना, अतुल उरांव, सनी प्रधान, लालदेव लोहरा, अनिल कुजूर, अनिल तिर्की सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कनेक्टेक- यूईएम 2024 में मारी बाजी



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में आयोजित कनेक्टेक यूईएम तकनीकी बोनांजा 2024 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के 'पाइथागोरस स्टार' प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के निश्चय रतन ने पहला स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। कक्षा दसवीं के ही अमन राज ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता, जबकि कक्षा दसवीं के श्रीहर्ष दास को प्रथम प्रशंसा पुरस्कार मिला। 'पाइथागोरस प्रो' प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की जाह्नवी सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता और कक्षा बारहवीं के सक्षम गोयल ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। 'क्यूरियोसिटी' क्विज प्रतियोगिता में वैष्णव सिंह कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 3000 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को ओवर ऑल दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की इस अद्वितीय सफलता पर टीम को बधाई दी और उनके रचनात्मक कौशल की सराहना की ।

## चान्हो थाना परिसर में दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के मद्देनजर सोमवार शामको शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आपसी स्वभाव के साथ सभी त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न करना सभी शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी होती है कि जिम्मेदारी को सभी लोग निभाएं इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजित कुमार सिंह सोनी तब्बसुम मौलाना रफ़ीक़,शफीक अंसारी,मौलाना अबुल कलाम अविनाश गुप्ता

## रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस ने किया प्रेस वार्ता



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस के द्वारा बुंडू प्रखंड में सूर्य मंदिर के समीप एक प्रेस वार्ता करते हुए बताया गया कि एक साल पूर्व राजनीति को केंद्र में रखकर इंदिरा फैलोशिप की शुरुआत की थी आज यह पहल महिला नेतृत्व के एक सशक्त कारवां में बदल चुकी है राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है आधी आबादी पूरा हाथ हिस्सेदारी कांग्रेस पार्टी के सोच और संकल्प का प्रतीक है जमीन से जुड़ी महिलाओं से शक्ति अभियान में जुड़ने और महिलाओं को केंद्र में राजनीति का हिस्सा बनाने का आवाहन करता हूँ इस अभियान से जुड़कर महिलाएं स्वराज लाएंगे और पंचायत से लेकर गांव तक बदलाव करेंगे इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा खिजरी विधानसभा अध्यक्ष हिमांशु कुजूर सुरेश कुमार सिंह राम भजन सिंह मुंडा तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष लखिंदर लोहार विधानसभा महासचिव राजेश सिंह मुंडा एवं अमृत कोंगारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा द्वारा परिवर्तन सभा का आयोजन




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे ई ई एफ मैदान में भाजपा द्वारा खिजरी विधान सभा स्तरीय 30 सितंबर को परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया।इस सभा के मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री व झारखंड के सह प्रभारी माननीय हिमंता बिस्वा सरमा, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,भाजपा के वरिष्ठ नेता जैलेंद्र कुमार,राकेश प्रसाद,विनोद सिंह, नरेन्द्र सिंह,रणधीर चौधरी,पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण सुरेंद्र महतो, अनिल टाइगर,महिला नेत्री आरती सिंह, आरती कुजूर,माधुरी देवी, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा,रासेश्वर मिश्र,महेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।आगत अतिथियों का स्वागत झारखंडी रीति रिवाज ढोल नगाड़ों के साथ किया गया।मुख्य अतिथि ने कहा की झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं,महिला आदिवासियो को ठगने का केवल काम किया है। इसलिए आने वाले चुनाव में मिलकर सबक सिखाना है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजन शाहू,संतोष महतो, राजेंद्र महतो,सुनिल महतो,सोहराई बेदिया, अशोक मुंडा,दिलीप महतो, दिलीप सोनी,उमेश गोप,देव कुमार महतो,सत्यजीत सिंह,सत्यदेव मुंडा,मानकी राजेंद्र शाही, मनेश महतो, रामशाय मुंडा,सोहन मुंडा, सीदाम सिंह मुंडा,मुक्तिनाथ मिश्रा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती जिसमें झारखंड/उड़ीसा के मशहूर कलाकार उर्मिला मोहंतो की टीम,जगदीश बड़ाइक एवं मशहूर मांदर वादक हुलास महतो के द्वारा गई।इस कार्यक्रम में टाटीसिलवे, अनगड़ा, नामकुम,ओरमांझी, धुवा, नगड़ी इत्यादि मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एयरपोर्ट पर गुलाम अहमद मीर का शिव टहल नायक के नेतृत्व में किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के युवा, कर्मठ, जुझारू नेता सह एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव टहल नायक के नेतृत्व में आदिवासी रीति रिवाज गाजे बाजे के साथ कांके विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। वहीं शिव टहल नायक ने कहा कि जब जब झारखंड के धरती पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की आगमन होती है, तो सारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का जोश उमंग बढ़ता है और कार्य करने की दुगुना क्षमता बढ़ता है। मौके पर झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।काफी खुशी की बात है कि झारखंड में आपकी सरकार है। इसलिए आप सभी नेता एवं कार्यकर्ता चार गुना उत्साह के साथ पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें और आने वाले 2024 के चुनाव को लेकर तैयार रहें। मौके पर मुख्य रूप से ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो,रामा खलखो,अजय नाथ शाहदेव,संजय पासवान मनीष कुमार मनीष,मेरी तिर्की, बेलस तिर्की आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सिल्ली थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना परिसर में रविवार को आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी एवं शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक की गई । इस बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला के नेतृत्व में किया गया। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया । इस बैठक में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सचिव समेत शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। पूजा को शांतिपूर्ण एवं में सोहार्द पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सभी ने अपने अपने विचारों का रखा! बैठक को संबोधित करते हुए सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि सभी कमिटी के लोग गाइडलाइन का पालन करेंगे । शराब पीकर पुजा में वाहन नहीं चलाना है। पंडालों के समीप पानी, बालू, फायर स्टिक, फास्ट एड बॉक्स की व्यवस्था होनी चाहिए। पूजा पंडाल के समीप जितने भी खाने पीने के स्टॉल लगेंगे 100 मीटर की दूरी में होनी चाहिए! वॉलिंटियर की व्यवस्था मजबूती से करेंगे किसी प्रकार का महिलाओं के साथ छेड़छाड़ ना हो । पूजा पंडालों में किसी प्रकार का अश्लील गाना भड़काऊ गाना नहीं बजना चाहिए! पंडालों में कैमरे की व्यवस्था होनी चाहिए।बिजली की पुरी व्यवस्था होनी चाहिए। पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए, हुड़दंग करने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार के अगर कहीं घटना होती है तो प्रशासन को सुचना दे तुरंत उसपर कारवाई की जाएगी। बैठक में और भी कई तरह के चर्चाएं कि गई। इस मौके पर मुखिया लालू राम उरांव, प्रमिला कुमारी, सीमा गोंझु, डब्ल्यू महली, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,राजु महतो, गोपाल केडिया, फकरुद्दीन राय, अरविंद कुशवाहा,राजा पुष्पेन्द्र नाथ, नरोत्तम गोराई, सेमत दर्जनों लोग इस शांति समिति की बैठक में उपस्थित थे ।

# जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने किया बस स्टैंड समेत 1 करोड़ 37 लाख के योजना का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक आदारडीह सड़क पर सीसी में जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने बस स्टैंड सहित कई योजनाओं का नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर विधिवत शिलान्यास किया। जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने बस स्टैंड के अलावा सिरूम रूपरू में 250 फीट पीसीसी, पलासडीह में 300 फीट पीसीसी, जानुम में जल मिनार का



शिलान्यास किया। करीब 1 करोड़ 37 लाख की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिला परिषद से 15 वीं वित्त आयोग मद से निर्माण किया जाएगा। सीसी में बनने वाले बस स्टैंड का स्वीकृति 2020 को ही हो चुका था, जमीन का चिन्हित नही होने से सीसी में जमीन चिन्हित कर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण होने से कुकडु में यात्रियों को बस में चढ़ने के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद से लिया गया योजनाओं का निर्माण होने से लोगों का मांग भी पूरा होगा और लोगों को सुविधा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण 1 करोड़ 20 लाख की लागत से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में सभी 9 प्रखंडों में जिला परिषद द्वारा योजना लिया गया है, जिसमें जल्द ही संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मौके पर बीडीओ सत्येन्द्र पासवान,थाना प्रभारी आलम चांद महतो, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो, एएसआई रंजीत प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कुड़मी समाज का प्रतिनिधिमंडल कल्पना सोरेन सहित पूरी टीम से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कुड़मि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री की पत्नी सह गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन एवं सिंहभूम के सांसद जोबा माझी, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दिपीका पाण्डेय, अनुसूचित जनजाति, कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु को कुड़मि समाज का चीरपरिचित मांग के संबंध में प्रमाण संबंधी



महादेव डुंगरिआर द्वारा लिखित पुस्तक जनगणना और कुड़मि जनजाति तथा बामरा को भेंट कर जानकारी दी गई। कुड़मालि को भी हो भाषा की तरह आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश महतो, गणेश्वर महतो,शंकर लाल महतो मेघनाथ महतो,जोगेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## जहां घर बनाएं, वहां कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं : गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावा :** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से सोमवार को खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बच्चोमहातु में 75 वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दशरथ गागराई, जिप सदस्य जमुना तियु, विधायक प्रतिनिधि दुर्गाचरण पाडिया पूर्व प्रमुख रजनी बानरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने




कहा कि झारखंड में जल जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। लेकिन सदियों से चली आ रही यह व्यवस्था अंधाधुंध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छुटती जा रही है। आज हमारे हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ले ली है। इस दौरान दुर्गा चरण पाडिया पूर्व प्रमुख रजनी बानरा वन अधिकार व कर्मचारी उपस्थित थे।

## इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज ने जमशेदपुर में किया अपने रिटेल स्टोर का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सस्ती कीमत पर पूरे भारत से साड़ियों के व्यापक संग्रह के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल चेन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज ने झारखंड के जमशेदपुर में अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार और इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज की संस्थापिका प्रतिभा दुधोरिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा दुधोरिया ने कहा कि 50 साल की विरासत के साथ भारतीय सिल्क हाउस एजेंसीज पूर्वी भारत में सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल चेन है। बंगाल में साड़ी के शौकीनों का दिल जीतने के बाद, ब्रांड ने



सफलतापूर्वक छत्तीसगढ़, बिहार तक अपनी पहुंच बढ़ा दी है, झारखंड में लाने के लिए तैयार है। बंगाल के मध्य में स्थापित, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज़ परंपरा की संरक्षक रही है, हाथ से बुनी साड़ियों का एक उत्कृष्ट संग्रह पेश करती है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। बंगाल की जटिल बालूचरियों से लेकर दक्षिण की जीवंत कांजीवरम और उत्तर की शाही बनारसियों तक प्रत्येक साड़ी गुणवत्ता और शिल्प कौशल के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। झारखंड में हमारा प्रवेश हमारी निरंतर विकास यात्रा और पूरे भारत से साड़ियों की सुंदरता को नए दर्शकों के सामने पेश करने के हमारे समर्पण का प्रतीक है।

## कुचाई प्रखंड सभागार में खरीफ कर्मशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कृषि एवं पशुपालन विभाग की ओर से कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीप सदस्य जींगी हेंब्रम बीडीओ साधुचरण देवगम। प्रमुख गुड्डी देवी सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल लकड़ा बीटीएम राजेश कुमार बीएओ लिबुनश हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर किया। खरीफ मौसम में लगने वाले फसल एवं उसके रखरखाव के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। बीडीओ साधुचरण देवगम ने किसानों के लिए विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की पूरी जानकारी दी।

## गमगीन माहौल में दी गई दामोदरपुर स्कूल के शिक्षक जगदीश प्रसाद मंडल को विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत दामोदरपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक जगदीश प्रसाद मंडल को सोमवार को विद्यालय परिसर में गमगीन माहौल में विदाई दी गई। मौका था उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का। यहां शिक्षक, अभिभावक व बच्चों ने सैकड़ों उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। बच्चों के आलावा दर्जनों शिक्षकों ने भी चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। बतौर मुख्य अतिथि बीआरपी अवनी महांती ने कहा कि जगदीश बाबू आदर्श शिक्षक हैं और उन्हें प्रखंड से लेकर जिला स्तर का पुरस्कार मिल चुका है। समाजसेवी शरत सिंह सरदार ने कहा कि जगदीश बाबू भले ही उम्र में उनसे छोटे हैं लेकिन हमेशा किसी भी समस्या पर सहयोग मिला। समारोह में शिक्षक डॉ. समीर कुमार, दुखुराम सिंह, सुधीर चंद्र मुर्मू, हलधर पांडा, गोवर्धन महतो, पागलानंद षड़ंगी, पालन मुर्मू, संतोषी राय आदि ने संबोधित करते



हुए प्रशंसा की। मौके पर बच्चों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर मन मोह लिया। अपने प्रिय शिक्षक को विदाई देते वक्त हर आंखें नम हो गईं। मौके पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार राय, मुखिया मगंल सिंह, उप मुखिया लक्ष्मी रानी गोराई, बुद्धेश्वर सिंह, मधुसुदन प्रसाद, अजय कुमार व संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर में ईस्ट ज़ोन एबिलिंपिकस 3-4 अक्टूबर को, मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 का आयोजन नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई ) कर रहा है। यह कार्यक्रम 3 और 4 अक्टूबर को टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट, बर्मा माइंस, जमशेदपुर में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता इसका उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन पूर्वी भारत के दिव्यांगजनो के असाधारण कौशल और प्रतिभाओं को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है जो उन्हें अपने व्यावसायिक कौशल दिखाने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देता है। कार्यक्रम को टाटा पावर, टाटा स्टील फाउंडेशन और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। ईस्ट ज़ोन संस्करण से कुल



405 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 200 से अधिक प्रतिभागियों का चयन हुआ है। एनएएआई के महासचिव और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, % क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आवश्यक व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## एनएसई ने सेबी और बीएसई के साथ मिलकर जमशेदपुर में खोला निवेशक सेवा केंद्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य में प्रतिभूति बाजार निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, सेबी ने स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई के साथ मिलकर जमशेदपुर के फेयरडील कॉम्प्लेक्स, पहली मंजिल, कार्यालय यूनिट 1सी, राम मंदिर के सामने, बिष्टुपुर में एक %निवेशक सेवा केंद्र% की स्थापना की है। एनएसई द्वारा प्रबंधित निवेशक सेवा केंद्र का उद्घाटन 26 सितंबर, 2024 को सेबी के कार्यकारी निदेशक बिरंची नारायण साहू द्वारा सेबी के मुख्य महाप्रबंधक और क्षेत्रीय निदेशक (पूर्व), अमित कपूर, एनएसई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णन अय्यर और सेबी, एनएसई और निवेशकों के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निवेशक सेवा केंद्र प्रतिभूति बाजार में सूचीबद्ध कॉर्पोरेट संस्थाओं और अन्य पंजीकृत मध्यस्थों के खिलाफ निवेशकों की शिकायतों के समाधान की सुविधा प्रदान करेगा और राज्य में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में भी मदद करेगा।



## नम आंखों से लोगों ने बीडीओ को दिया विदाई

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड सभागार में बीडीओ किकु महतो का स्थानांतरण के बाद प्रखंड, अंचल, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी व क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह के पूर्व किकु महतो ने अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद को बीडीओ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, आपूर्ती पदाधिकारी का कार्यभार सौंपा। खचाखच भरे कर्मचारियों , पंचायत प्रतिनिधियों व क्षेत्र के लोगों ने बुके, फूलमाला व गीफ्ट आदि देकर उन्हें विदाई किया। तीन वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास कार्यो एवं लोगों से मधुर व्यवहार के लिए लोकप्रियता हासिल कर चुके। विदाई समारोह में ठेला वाले से लेकर बाजा बजाने वाले भी समारोह में उपस्थित होकर विदाई समारोह को गमगीन बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां प्रखंड के पदाधिकारी, अन्य प्रखंड कर्मी , पंचायत प्रतिनिधि से लेकर जनताओं का भी काफी सहयोग मिला। विदाई समारोह को प्रमुख गुरूपद मार्डी, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा ,समाजसेवी भूषण चन्द्र मुर्मू, शिव कुमार साहू,राज परिवार के कालीदास आदित्य देव, नुनु बाबु, शिक्षक सुभाष दत्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, मुखिया कृष्णा सिंह मुण्डा , मनोरंजन महतो, अनिल सिंह , पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## कुचाई अंचल के नए सीओ सुषमा सोरेन ने लिया पदभार

**खरसावा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई अंचल के नए अंचलाधिकारी के रूप में सुषमा सोरेन ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। नए सीओ सुश्री सोरेन ने निवर्तमान सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा से पदभार लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद नए सीओ ने कहा कि लोगों की समस्याओं की समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सुश्री सुषमा सोरेन इससे पूर्व गिरिडीह जिले के बगोदर में प्रतिस्थापित थी। निवर्तमान सीओ विश्वकर्मा का स्थानांतरण चतरा जिला में हुआ है। मौके पर बीडीओ साधु चरण देवगम भी मौजूद थे।



## चक्रधरपुर सेंट जेवियर्स स्कूल के दसवीं का छात्र ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के पुरानाबस्ती वार्ड नंबर एक गलीसाई में रविवार की देर शाम एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। होनहार छात्र के इस कदम से क्षेत्र के लोग हतप्रभ हैं। मृतक 16 वर्षीय श्रीमय उर्फ़ नंदू मंडल शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट जेवियर्स इंग्लिश स्कूल में कक्षा दसवी का छात्र था। उसके पिता बीजू मंडल सरकारी शिक्षक और प्रसिद्ध ट्यूटर है। उसकी माता मायके गई हुई है। वहीं पिता घटना के वक्त अपने घर के ऊपर के कमरे में कुछ काम कर रहे थे। इसी वक्त श्रीमय ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद छात्र को आनन फानन में अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत छात्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही शहर के लोग अस्पताल पहुंचे और संवेदना व्यक्त की।



## कांग्रेस प्रदेश स्तरीय मेनिफेस्टो कमेटी का जमशेदपुर आगमन आज, लोगों से लेंगे सुझाव

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय मेनिफेस्टो कमेटी (घोषणा पत्र निर्माण समिति) का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर में 1 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे जमशेदपुर परिषद में पहुंचे। मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता बंधु तिर्की एवं कमेटी के सदस्यगण जमशेदपुर परिसदन के सभागार में सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों के माध्यम से तथा जनहित के मुद्दे जनता के माध्यम से, मजदूर युनियन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सांस्कृतिक संस्थान से प्राप्त करेगी। जिसे मेनोफिस्टो कमेटी सभी सुझावों को एकत्र कर जनहित एवं समाजहित से संबंधित मुद्दों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में स्थान देगी। उक्त कमेटी के द्वारा सुबह 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक 1 अक्टूबर को सुझाव संबंधी प्रविष्टियों को लिखित रूप से जमा लेने का कार्य करेगी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित रहेंगें तथा मेनोफेस्टो कमिटी के आगमन पर प्रोटोकॉल के तहत आगवानी करेंगे। उक्त आश्य का जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद ने दिया।

# करीम सिटी कॉलेज का वार्षिक कला एंव साहित्य महोत्सव सतरंग का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क द्वारा आयोजित वार्षिक साहित्य एवं कला महोत्सव सतरंग का समापन समारोह आयोजित हुआ। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि कुमार केसरी (कमिश्नर सह वाइस चांसलर कोल्हन विश्वविद्यालय चाईबासा), डॉ राजेंद्र भारती (रजिस्ट्रार, कोल्हन विश्वविद्यालय) डॉ बीके सिंह (फाइनेंस अफसर) एवं अनिल कुमार सिंह (मैनेजर डीआईसी,कोल्हान) बतौर अतिथि सभा में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए स्पार्क तथा स्पार्क से जुड़े हुए कलाकार छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कला और साहित्य हमारे जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। इनसे हमारे अंदर सामाजिक




विकास तथा व्यक्तित्व विकास होता है। स्पार्क के कन्वीनर डॉ एस एम यहिया इब्राहीम ने स्पार्क की स्थापना एवं उसके 20 साल के सफर के विषय पर अपनी बात सभा के समक्ष रखी। सभा से पहले वाइस चांसलर साहब ने कॉलेज के सभी विभागों का भ्रमण किया और यहां के रखरखाव, स्वच्छता तथा अनुशासन की प्रशंसा की। समारोह में सना वकील, स्वाति शर्मा, तनवीर आलम, शिउली पालित,संस्कृति,दीपक कुमार,भास्कर भक्त, अमिशा मिश्रा, हुमा मेहमूद, लक्ष्मी राम मुर्मू, शहदेव महतो और जावेद भाई को स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**विभिन्न प्रतियोगिता विजेता :**

स्किट- यश रायचंद एंड टीम, माइम- हर्ष झा एंड टीम, मोनो एक्ट- राजवर्धन। सूर संगत: क्लासिकल/सेमी क्लासिकल सोलो - सौरव चौधरी, फोक सोलो- यश रायचंद, गजल सोलो- सौरव चौधरी, सूफी सोलो - युवराज शर्मा।बैटल सिंफनी: बॉलीवुड सोलो- सौरव चौधरी और युवराज शर्मा, बॉलीवुड डुएट-सौरव चौधरी और सुजाता भद्रा। स्ट्रोक्स: स्केच - तरुब कौसर।पेंटिंग - संस्कृति, कोलाज - जोया अख्तर, रंगोली- राजवर्धन और प्रियंका पंजा, फेस पेंटिंग- संस्कृति और सान्या अख्तर। विचार वार: अंग्रेजी - इशरत नाज़ और प्रियंका चौधरी, हिंदी - अभिलाषा कुमारी और संगम गुप्ता, उर्दू - सफदर हारून और सदफ अत्तरिया, बंगला- आयुष बनर्जी और आकाश दास, जैम- सौरभ सिंहरक्स, क्लासिकल- अदरिजा मल्लिक, बॉलीवुड सोलो- मासूम पॉल, फोक सोलो- कुलप्रीत भमरा, वेस्टर्न सोलो - मनीष नायक ।

## सरयू राय ने पांच वर्षों में केवल जनता को ठगा, लोग कर रहे त्राहिमाम : डा. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच वर्षों में विधायक सरयू राय ने भटकाना, लटकाना, अटकाना, मटियाना और भूलजाना ये पांच बेहतरीन कार्य किए. यही उनका चरित्र भी है. सरयू राय ने पांच वर्षों में केवल जनता को ठगा है. लोग त्राहिमाम कर रहे हैं. पांच वर्षों में मोहरदा जलापूर्ति योजना की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ आज भी लोगों को दूषित एवं बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है. पांच वर्षों में जेम्को चौक से साउथ गेट तक जाने वाली सड़क की सूरत-ए-हाल नहीं बदल पाए सरयू राय. पंचवर्षीय योजना के तहत भी इस सड़क का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया. 25 वर्षों तक बीजेपी व पूर्व मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर पूर्वी के लोगों को मालिकाना के नाम पर ठगा और अब पांच वर्ष सरयू राय ने भी मालिकाना के नाम पर अटकाये रखा. कल्याणनगर, इंद्रानगर जैसी बस्तियों में लोग नरकीय जीवन जीने को विवश हैं. बस्तीवासी मुझ तक पहुंच रहे हैं और एक कांग्रेस कार्यकर्ता होने के नाते मैं उनकी बात सुनने और उनकी समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं, तो फिर सरयू राय क्यों नहीं कर सकते? सरयू राय चुनाव जीतने बाद गरीब एवं दबे कुचले लोगों को भूल जाते है. डा. अजय कुमार ने कहा कि सरयू राय ने चुनाव के समय युवाओं को रोजगार दिलाने का वादा एवं जमशेदपुर को कंपनियों का कब्रगाह नहीं बनने देने का वादा किया था. लेकिन पिछले पांच साल कितने युवाओ को रोजगार दिलाये हैं सरयू राय. अपने परिवार और रिशेतेदार को छोड़कर किसी का भी काम नहीं किए सरयू राय. अजय कुमार ने कहा कि सरयू राय ने जमशेदपुर से अत्याचार, अपराध और आतंक से मुक्ति दिलाने का वादा किया था लेकिन वो नाकाम रहे.



विचार प्रवाह

संपादकीय

## निर्लज्ज वकालत

**यह** ज्यादा पुरानी बात नहीं है। पिछले ही माह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था। जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं बल्कि समाज के नायक हों। उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था। पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिये तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था। उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी। उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी। निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था। जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया। इसी कड़ी में कालांतर केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी। अब जब एक बार फिर गुजरात सरकार ने इस मामले में मुंह की खाई है तो निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने उसे आत्मनिरीक्षण करने को बाध्य किया होगा। वहीं दूसरी ओर गुजरात सरकार को प्रधानमंत्री के वे शब्द नहीं भूलने चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था- 'हमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में डर की भावना पैदा करने की जरूरत है।' अब चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, उसे अपराधियों को संरक्षण देते नजर नहीं आना चाहिए। निश्चित रूप से इससे सरकार की विश्वसनीयता पर आंच ही आएगी। वहीं दूसरी ओर सरकारों की ऐसी भूमिका से अपराधियों का हौसला ही बढ़ेगा। सरकारों का दायित्व बनता है कि वे धर्म व जाति की सीमाओं से परे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की ईमानदार कोशिश करें। साथ ही समाज में न्याय होता नजर भी आना चाहिए।

भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था।

### भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए

# योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

ललित गर्ग

अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है।

**विश्व** में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है।



आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकर्ताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था।

बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है।

दृष्टि कोण

# असहाय भाव से मुक्त कीजिए युवाओं को

**अपने** हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे। उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए। उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था। मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे। तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैं...' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है।' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है। उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं! कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती। होनी भी नहीं चाहिए। सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे। कुछ सपने होंगे इनके भी। निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा। क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं है...' सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है। अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए यह आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए। हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं। ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए। आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है। कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे। यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं! बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं। किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले।

कुछ अलग

## प्रतिभाओं से छल

**सुप्रीम** कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहा- 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत-नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम-हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों-करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है, वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती।

देश दुनीया से

## श्रीलंका की दिशा-दशा तय करेंगे दिसानायके

राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है।

**श्रीलंका** के हालिया राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा दिसानायके की जीत ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है। वजह यह है कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें महज तीन फीसदी मत ही मिले थे। वहीं संसद में उनके गठबंधन के महज तीन सांसद थे। यही वजह है कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद बने माहौल में संसद के लिये नया जनादेश पाने के लिये उन्होंने संसद को भंग कर दिया है। इस मामले में भारतीय कूटनीति को दाद देनी होगी कि श्रीलंका में राजनीतिक रुझान को महसूस करके गत फरवरी में अनुरा दिसानायके का सफल भारत दौरा आयोजित किया गया। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि वामपंथी रुझान वाले दिसानायके दिल्ली की दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकार से कैसा तालमेल बनाएंगे। बहरहाल, श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली व परंपरागत सत्ताधीशों के प्रति अविश्वास से मुक्त कराने के वादे ने दिसानायके को ताकत दी है। दो साल पहले धराशायी अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने के उनके आश्वासन पर श्रीलंका की जनता ने विश्वास किया है। दूसरे राउंड में मिले अधिक मतों से वे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को तीसरे स्थान में धकेलने में कामयाब हो गए। निस्संदेह, दिसानायके की यह जीत चौंकाने वाली है, जिसके मूल में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखरता और गरीबों को राहत देने के उनके एजेंडे को सार्थक प्रतिसाद मिला है। वे जनता में भरोसा जगाने में कामयाब हुए कि अब भी देश को मंदी व आर्थिक बदहाली के भंवर से निकाला जा सकता है। कभी भारत के मुखर विरोधी रहे राजनीतिक दल जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी से जुड़े रहे दिसानायके अब सरकार के खिलाफ चले हिंसक खूनी आंदोलन को गलत मानते हैं। केंद्रीय श्रीलंका के गालेवेला में 24 नवंबर, 1968 में जन्मे दिसानायके ने उस दौर में छात्र राजनीति में सक्रियता बढ़ाई जब रक्तपात से गुजरते श्रीलंका में वर्ष 1987 के दौरान भारत-श्रीलंका समझौता हुआ था। मध्य वर्गीय परिवार में जन्मे दिसानायके की शिक्षा सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने भौतिक विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। तब युवाओं में पनपे देशव्यापी आक्रोश के बीच जेवीपी हिंसक अभियानों के लिये जाना जाता था। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गये थे। कालांतर में वर्ष 1997 में वे जेवीपी की केंद्रीय कमेटी के लिये चुने गए थे। वैसे हाल में उन्होंने उस दौर में रक्तपात के लिये माफी भी मांगी है। उन्होंने स्वीकारा कि यह हिंसक संघर्ष नहीं होना चाहिए था। वहीं उन्होंने वर्ष 2019 के सिलसिलेवार धमाकों की जांच कराने का भी वादा किया है, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मारे गए थे। लोग गोटाबाया राजपक्षे पर जांच को बाधित करने के आरोप लगाते हैं। दरअसल, इस चुनाव में दिसानायके ने राजनेताओं के भ्रष्टाचार, आर्थिक नीतियों की विफलता, कानून अव्यवस्था के लिये तत्कालीन सत्ताधीशों को दोषी बताते हुए नई पारदर्शी शासन व्यवस्था देने का वादा किया। उन्होंने आर्थिक संकट से जनता को हुए कष्टों के लिये नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे देश को बदहाली से मुक्त करा सकते हैं। दरअसल, कुशासन, कोरोना संकट व राजनीतिक भ्रष्टाचार से जहां देश पर अरबों डालर कर्ज चढ़ा, वहीं मुद्रास्फीति कुलांचें भरने लगी। विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर पर जा पहुंचा। हालांकि, विक्रमसिंघे के प्रयासों से आईएमएफ से मिले कर्ज व भारतीय मदद से हालात में सुधार हुआ, लेकिन स्थितियां पहले जैसी नहीं हो सकीं। यह वजह है कि श्रीलंका के जनमानस ने बदलाव के लिये दिसानायके को राष्ट्रपति चुना। दिसानायके देश के जनमानस को यह भरोसा दिलाने में सफल रहे कि वे देश को राजनीतिक भ्रष्टाचार व कुशासन से मुक्ति दिला सकते हैं। उनका कहना है कि वे जनता पर लगे टैक्स कम करेंगे और नये सिरे से कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। यही वजह है कि मतदाताओं ने आर्थिक चिंताओं के बीच दिसानायके में नई उम्मीद देखी। दरअसल, आम मतदाता कष्टदायी महंगाई से मुक्त होकर सामान्य जीवन जीने का आकांक्षी है। वैसे आईएमएफ से मिले राहत पैकेज और उसके लिये लागू सख्त आर्थिक अनुशासन से मुक्त होना दिसानायके के लिये आसान भी नहीं होगा। इसमें संतुलन बनाकर ही उन्हें जनता का विश्वास हासिल करना होगा। उन्हें सरकार के खर्चों में कटौती संग राजस्व के नये स्रोत तलाशने होंगे। अब कयास यह लगाये जा रहे हैं कि दिसानायके के वामपंथी रुझान के बीच श्रीलंका के संबंध चीन से अधिक मजबूत होंगे या भारत से। हालांकि, गत फरवरी में भारत का दौरा करने वाले दिसानायके भारत के साथ अच्छे संबंधों की बात कर रहे हैं। कभी भारत विरोधी रहे जेवीपी के भारत के प्रति रुझान में हाल के वर्षों में बदलाव आया है।

आप का नजरीया

## दर्द बांटती दवा

**यह** खबर परेशान करने वाली है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। आम धारणा रही है कि गाहे-बगाहे होने वाले बुखार-दर्द आदि में इस दवा का लेना फायदेमंद होता है। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन यानी सीडीएससीओ ने हालिया मासिक रिपोर्ट में जिन गुणवत्ता रहित दवाओं का उल्लेख किया है, उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। जिन्हें बड़ी कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा है। इससे उन मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ जाएंगी जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। बताते हैं कि फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। यद्यपि सीडीएससीओ ने 53 दवाओं की गुणवत्ता की जांच की थी, लेकिन 48 दवाओं की सूची ही अंतिम रूप से जारी की गई। वजह यह बतायी जा रही है कि सूची में शामिल पांच दवाइयां बनाने वाली कंपनियों के दावे के मुताबिक, ये दवाइयां उनकी कंपनी की नहीं हैं वरन बाजार में उनके उत्पाद के नाम से नकली दवाइयां बेची जा रही हैं।

# दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की किया बैठक, डीजे पर लगा प्रतिबंध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर जोर-सोर से तैयारी हो रही है। तो वही शांतिपूर्ण तरीके से पूजा को मानने को लेकर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई।जहां प्रखंड क्षेत्र से 9 अखाड़े से पूजा महासमिति के अध्यक्ष पहुंचे। शांति समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के नेतृत्व में किया गया।संचालन महादेव दांगी ने किया।जहां सरकार की निर्देश एवं गाइडलाइन के अनुसार थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बैठक में उपस्थित लोगों के बीच डीजे नहीं बजने को लेकर सख्त निर्देश दिए।जिसे सुनकर उपस्थित लोगों का मन छोटा हो गया। धर्म पूजा अर्चना में इस आधुनिक समय में डीजे साउंड के बिना सभी कार्य फीके लगते हैं। वही डीजे नहीं बजाने का निर्देश सुनकर मां के भक्त श्रद्धालुओं में भी उदासी देखी जा रही है। वही इस बार की दुर्गा पूजा में लाउडस्पीकर से पूजा करने की बात थाना प्रभारी ने कहा है। गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर, पहरा, केंदुआ, गांगपुर, द्वारी पिंडारकौन, सिन्दवारी, बारिसखी, पैक्सा जैसे गांव में पंडाल के साथ धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। थाना प्रभारी ने अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा है कि 3 अक्टूबर से लेकर 14 अक्टूबर के बीच में पूजा के अंतर्गत जिस प्रकार का भी कार्यक्रम करवाया जाएगा। उसे सभी पूजा समिति के अध्यक्षों से सुची मांगा गया। एवं विसर्जन के लिए समय सीमा का गाइडलाइन के तहत प्रतिमा विसर्जन की भी बात कही गई। गिद्धौर दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने सर्वप्रथम अपनी सूची देते हुए विधि व्यवस्था को दुरुस्त दिखाने की बात कही है। पंडाल में सीसी टीवी, ड्रोन कैमरा लगभग 200 लोग वॉलिंटियर महिला एवं पुरुष को अलग-अलग रास्ते से मां भवानी का दर्शन एवं पूजा की शुरुआत दिन से ही डांडिया गरबा नृत्य कार्यक्रम नाटक कार्यक्रम जागरण कार्यक्रम जैसे अन्य सभी जानकारियां प्रशासन को दिए। और प्रशासन से उन्हें हर संभव मदद करने की भी अनुरोध पूजा के महासमितियों के अध्यक्ष ने किया है। बैठक में उपस्थित गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी उपमुखिया बिकाश पांडेय जिला परिषद प्रत्याशी बालेश्वर यादव दिनेश भारती प्रसादी पासवान दिनेश भारती एवं दर्जनों की संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

# सांसद ने जवाहर लाल फुटबॉल स्टेडियम का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ मुख्यालय स्थित जवाहर फुटबॉल मैदान में आयोजित सरदार बल्ब भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सोमवार को सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे। जहां सांसद काली चरण सिंह व विधायक किशुन कुमार दास, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर प्रखंड़ स्तरीय स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद काली चरण सिंह ने उपस्थित खिलाड़ियों को हौसला अपजाही करते हुए खिलाड़ियों को खेल को खेल के भावना से खेलने की बात कही।सांसद में फुटबॉल मैदान में स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा किया। फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच हजारीबाग करिवायासन बनाम हजारीबाग खुटरा के बीच खेला गया। जिसमे करिवासन की टीम ने खुटरा टीम को 3-1 से हराया। सांसद व विधायक ने करिवासन को प्रथम पुरस्कार 51 हजार नगद व सील्ड दे समानित किया। जबकि द्वितीय पुरस्कार खुटरा टीम को 25 हजार नगद व सील्ड दे समानित किया। अम्पायरिंग की भूमिका प्रेम राणा ने निभाई। मौके पर यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष कपिल, सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, सिमरीया विधानसभा के युवा नेता बिनोद पासवान, महादेव दांगी, सतेंद्र दांगी, सुनील कुमार राणा, शिवकुमार दांगी, राजेश कुमार राजू, मुकेश यदाव, मोती कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की हमेशा कराएं जांच



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय गैर संचारित रोग कार्यक्रम के तहत विश्व हृदय दिवस पर गोष्ठि का आयोजन सिविल सर्जन के सभागार में किया गया सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार के द्वारा कार्यक्रम को शुभारंम किया गया इस मौके पर डॉ0 एलआर पाठक जिला आरसीएच सह नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी, डॉ0 कुमार उत्तम जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं डॉ0 अशुतोष कुमार जिला महामारी विशेषज्ञ चतरा उपस्थित थे सिविल सर्जन सभागार में विश्व हृदय दिवस के मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को विश्व हृदय दिवस के बारे में संबोधित करते हुए विस्तृत जानकारी दी जिसमें हार्ट प्रॉब्लम के क्या क्या लक्षण होते है हार्ट प्रॉब्लम से हमें किस तरह बचाव करना है जिसमें उच्च कोलेस्टॉल, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप को समय समय पर जांच करते रहना चाहिए, धूम्रपान या तंबाकू से बचना चाहिए अपने दिनचर्या में व्यायाम को स्थान देने का सुझाव इत्यादि के बारे में जानकारी दी आज अयोजित कार्यक्रम के मौके पर डीपीएम, डीपीसी, डीडीएम, डीपीए, पीएचएम, मंच संचालन मनोज कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# अनुसूचित जनजातियों के साथ किया जा रहा हैं अन्याय, लाभुक को पता नहीं अबुआ आवास बन गया कागज पर



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अन्तर्गत पंचायत बभने के ग्राम बिरमातकुम में तेतरी बैगीन पति स्वर्गीय रवि बैगा के नाम से अबूआ आवास का लाभ सरकार द्वारा दिया गया। लेकिन लाभुक तेतरी बैगीन को कोई जानकारी नहीं दिया गया। और नहीं उनसे आवास का अभिलेख तैयार करने के लिए उनका कोई डॉक्युमेंट्स लिया गया। लाभुक तेतरी बैगीन ने पत्रकारों को बताई की हमको कोई पत्ता नहीं हैं की मेरा कोई आवास बना रहा हैं। जब मैं अपने वर्तमान ससुराल हेसातु से पूर्व ससुराल बिरमातकुम आए तो छोटे छोटे रूम जिसमें एक खाट भी नहीं बिछ सकता हैं। और सोचने वाली ये बात हैं की नहीं तो हम आधार कार्ड दिए और नहीं तो पासबुक दिए और नहीं तो मेरा फोटो हुआ और नहीं तो हम पैसा निकासी करके दे रहे हैं। तो मेरा आवास कैसे बनाया जा रहा हैं।

# आगामी विधान सभा आम चुनाव-2024 को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आगामी विधान सभा आम चुनाव-2024 के निमित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, 27 चतरा (अ0जा0) निर्वाचन क्षेत्र की अध्यक्षता में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी बीएलओ, सुपरवाईजर एवं संबंधित कम्प्युटर ऑपरेटर 27 चतरा (अ0जा0) निर्वाचन क्षेत्र के साथ बैठक आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के निमित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त को कर दिया गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरान्त 27, चतरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत वैसे मतदान केन्द्रों की समीक्षा की गई, जहॉ अन्य मतदान केन्द्रों की तुलना में काफी कम संख्या में प्रपत्र (प्रपत्र 6, 7 एवं 8) प्राप्त किये गये हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों को निदेश दिया गया कि उक्त मतदान केन्द्रों का घर-घर सत्यापन करते हुए दो दिनों के अन्दर पात्र नागरिकों का संबंधित प्रपत्र प्राप्त कर ईआरओ नेट पर इन्ट्री करना सुनिश्चित किया जाय। 27, चतरा (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत कुल-475 मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में मतदान दिवस के दिन मतदान कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन कुशल एवं सहज रूप से कर सके और मतदान करने आये मतदाताओं विशेषकर सुगम मतदान के दृष्टिगत दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े एवं उन्हें एक सुखद अनुभव प्राप्त हो।

# एक शिक्षक के भरोसे 211 बच्चों की पढ़ाई

## विधालय प्रबंधन समिती के चुनाव का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ हंटरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के एकतारा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है। स्कूल में तैनात सहायक शिक्षक विनोद कुमार सिंह हिन्दी विषय के शिक्षक हैं। उनके अलावा विद्यालय में और शिक्षक की नियुक्ति नहीं है। विद्यालय कक्षा 1से लेकर 8 तक संचालित है जिसमें 211 छात्र - छात्राए पंजीकृत है। जबकि 30 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होना जरूरी है। ऐसे में बच्चे की पढ़ाई भगवान भरोसे चल रहा है बच्चें की पढ़ाई स्तर इतना गिरा हुवा है कि बच्चे कक्षा के पूरे विषय की नाम भी नहीं बता पा रहे है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा भी कई कार्य करने होते हैं। जिसमें निर्वाचन में ड्यूटी, मिड डे मील वितरण, स्कूल भवन निर्माण कार्य , छात्रवृत्ति वितरण, पुस्तक वितरण,



यूनिफॉर्म वितरण, और परीक्षा ड्यूटी सहित अनेक काम शामिल है। इस तरह से एक विद्यालय का बहुत कार्य होता है। ऐसे में शिक्षक विनोद सिंह 3 महीना से यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जिससे छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए पूरा समय नही मिल पाता है। वही सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिती का चुनाव होना था बस ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन करना चालू कर दिए। विद्यालय प्रबंधन समिती का चुनाव ग्रामीणों ने किया बहिष्कार किया है। आक्रोषित ग्रामीणों ने विभाग की लापरवाही बताते हुए बताते हैं कि बच्चे की भविष्य अंधकार में है सरकार की नारे बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाव ऐसे में बेटी आखरि कहा पढ़े तीन माह से एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल संचालित दुर्भाग्यपूर्ण है सरकार की बड़े - बड़े वादे सब फेल दिखाई दे रही है। आगे बताते हैं कि यदि 7 दिनों के अंदर शिक्षक इस विद्यालय में नही आते हैं तो हम सभी ग्रामीण डीईओ ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।शिक्षक नही तो चुनाव नही महिलाएं ने जमकर कर नारा लगाया है। ग्रामीण महिलाएं बस एक ही मांग कर रहे थे की शिक्षक नही तो चुनाव नही ग्रामीण महिला प्रीति देवी बताती है तीन माह से एक ही शिक्षक यहां संचालन कर रहे हैं बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वही सुमन कुमारी पूर्व संयोजिका सुमन कुमारी बताती है कि शिक्षक यदि नही तो चुनाव भी नही होगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**पत्थलगड़ा/चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुवी। बैठक के अध्यक्षता अंचलाधिकारी उदल राम व संचालन थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने को लेकर निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान आसामाजिक तत्वों पर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। दुर्गा पूजा 10 वीं का मेला ड्रोन कैमरा के निगरानी में होगी। जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन की जवान तैनात रहेंगी। दुर्गा पूजा के दौरान किसी प्रकार से कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा हरकत की जाने की सूचना मिलती है तो आप सीधा थाना प्रभारी व अंचला अधिकारी को सूचित करें। इस मौके पर बैठक में बीस सुत्री अध्यक्ष विकास यादव, जिला परिषद सदस्य राम सेवक दांगी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, बरवाड़ी मुखिया संदीप कुमार सुमन, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, मेराल पंचायत मुखिया नीतू देवी पूर्व मुखिया मेघन दांगी, समाजसेवी संदीप सिंह, रामचंद्र दांगी, मौलाना मोहम्मद मुस्ताक, सब इंस्पेक्टर अरविंद रविदास, विजय यादव, प्रदीप सिंह के अलावे प्रखंड वासी उपस्थित थे।

# बरवाडीह व्यवसायिक समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह व्यवसायिक समिति की ओर सोमवार की सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। बस स्टेंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिसके बाद मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप पूजा पंडाल परिसर, पंचमुखी शिव मंदिर परिसर और पंचमुखी दुर्गा मण्डप परिसर की साफ - सफाई की गई। व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सफाई अभियान से जुड़े ताकि इस कार्यक्रम को हर रविवार दिन को किया जा सके। व्यवसायियों का सहयोग रहा तो आने वाले समय में बरवाडीह के सभी धार्मिक स्थलों, महापुरुषों की प्रतिमा स्थली और विभिन्न गलियों और चौराहों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। दीपक राज ने इस अभियान से जुड़ने वाले तमाम दुकानदारों का आभार व्यक्त किया है, और नियमित रूप से अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सफाई कर उससे निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर साफ़ सफाई कराने अपील की है। ताकि गंदगी के कारण किसी अन्य दुकानदार के समक्ष परेशानी उत्पन्न न हो। स्वच्छता अभियान में पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष सोनू सरदार, सलाहकार मदन प्रसाद गुप्ता, कृष्णा कसेरा, विवेक सिंह और मुकू अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, समेत अन्य दुकानदार का अहम योगदान रहा।

# चुंगरू नदी पर आधी रात को पुलिया ढलाई कुछ ही पल में हुआ जमींदोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों के नाम पर ग्रहण लग गया है कहीं निर्माणाधीन सड़क जैसे शिवकुमार जयसवाल के घर से संत क्लारेट स्कूल होते हुए छिपादोहर मार्ग, शहीद चौक से लेकर छिपादोहर बाईपास सड़क में शुरुआती दौर से अनियमितता दिखाई देते उखड़ रहे हैं कहीं बंग्ला ईंट का प्रयोग कर लाखों के स्वास्थ्य उपकेंद्र,धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य में लिपापोती कर दी जा रही है। वहीं पीडब्ल्यूडी से करोड़ों रुपए की लागत से बरवाडीह से हुंटार तक सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की पोल दो वर्षों में ही खुलने लगी है पीसीसी सड़क उखड़ने लगे हैं कालीकरण सड़क धंसने, दरार पड़ने लगी है। ऐसे में विकास कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता नाम का दम घूंट रहा है।इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र अमवाटिकर से लाभर नाका तक सड़क निर्माण कार्य में ग्राम चुंगरु के पास नदी में पुलिया निर्माण कार्य में बड़े हादसे होते बचे।



जहां उक्त पुलिया की छत ढलाई कार्य रात के अंधेरे में सोची-समझी रणनीति के तहत कराई जा रही थी जो कार्य एजेंसी व संबंधित अभियंता के मनसूबे पर पानी फिर गया हुआ यह कि छत ढलाई के कुछ ही देर बाद छत जमींदोज हो गया हालांकि खराब जुगाड़ की वजह। अब यह देखना बाकी रह गया कि पुलिया निर्माण कार्य में आठ, दस के साथ बारह एम एम का निम्न स्तर के स्टील का प्रयोग किया गया है। आखिरकार ऐसे विकास कार्य योजनाओं के गुणवत्ता मानकों पर जिम्मेदार कौन है, कार्य एजेंसी, संबंधित अभियंता या फिर सरकार की पॉलिसी जो अब के निविदा सूचना में दर्ज है, जनता के लिए बड़ा सवाल है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परिवहन, उत्पाद, खनन, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य विभाग से राजस्व संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।समीक्षा के क्रम में भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें।

# जिप सदस्य द्वारा किया गया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत टोटी गाँव के बेसरा मोड़ जल मीनार से चंदरु उरांव के घर तक 15 वें वित्त योजना के अंतर्गत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रमेश राम के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ। पीसीसी पथ के निर्माण कार्य से प्रारंभ होने से टोला वासी बहुत खुश हुए। इस रास्ते पर बरसात के दिनों मे लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलें का सामना करना पड़ता था। मौके पर टोटी मुखिया शांति देवी, समाज सेवी धनेश्वर उरांव, मो.मालुम, राजेन्द्र उरांव, तुलेश्वर उरांव, सावन उरांव, शंकर उरांव, चेतलाल उरांव, रीना देवी, रणवा देवी, लिलो देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सत कोलंबस कॉलेज के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के इटके ग्राम निवासी उमेश दास के बड़ा पुत्र अनिकेत दास उम्र लगभग (23) की हजारीबाग जिला के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बलबल के आसपास बेंजीयामोड़ मे बाईक से सड़क हादसे मे मौत गई। मौत के बाद इटके गांव अपने घर शव आते ही चीख चिकत्कार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है की अनिकेत आर्ट्स का पढ़ाई करता था। रविवार को कुछ काम से निकला था जिसके बाद सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे वहां स्थानिक लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस के सहयोग से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान उसने अपना दम तोड़ दिया।

# लातेहार में मंत्री बैद्यनाथ राम ने बांटी बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय विधायक सह राज्य के शिक्षा एवं उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए काम रही है सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की जनता को ध्यान में रखते हुए कई कल्याण कारी योजना शुरू की है। जिसके तहत 200 यूनिट से कम बिजली बिल आने पर बिजली बिल माफी योजना शुरू की है। इसके तहत जिले के 93 हजार 839 उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया है। इसके एवज में राज्य सरकार ने 73 करोड़ 36 लाख 73 हजार 43 रुपया बिजली विभाग को दिया है। श्री राम जिला मुख्यालय के विद्युत प्रमंडल कार्यालय में सोमवार को मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता आईटी प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता राजदेव भगत व कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मंत्री श्री राम को बुके देकर स्वागत किया। मंत्री ने आगे कहा कि जितने उपभोक्तओं का बिजली बिल माफ हुआ है सभी को प्रमाण पत्र मिलेगा ताकि बिजली बिल आने पर आप उसे विभाग को दिखा सकें कि राज्य सरकार ने आपका बिजली बिल माफ कर दिया है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि आगे भी बिजली बिल माफ किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी लोग जरूरत के हिसाब से ही बिजली का उपयोग करें ताकि आपका 200 यूनिट से अधिक बिजली नहीं उठ सके।मौके पर मंत्री श्री राम ने सांकेतिक रूप से दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर झामुमो जिला सचिव समशूल होदा, रिजवान अली, विरेंद्र पाठक, कृष्णा गुप्ता, रविंद्र प्रजापति, प्रदीप पाठक समेत कई लोग उपस्थित थे।


# बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** दुर्गा पूजा को लेकर बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।बैठक में शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा सम्पन्न करने पर चर्चा की गई। मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने सभी लोगों की समस्याओं को बारी बारी से सुना और पहल करने की दिशा में उचित कदम उठाने का भी भरोशा दिलाया। इस दौरान प्रमुखता से सभी पूजा समितियों ने अपनी बातों को रखा। मुख्य रूप से पूजा-पंडालों में पुलिस बल की संख्या बढ़ाने के साथ साथ महिला बल की भी तैनाती की मांग की गई।बता दें कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, आदर्श नगर दुर्गा पूजा समिति पंडाल एवं शेरेगड़ा, भगिया, आरा, झाबर, बालू, मासियातु, होलांग, कुरियाम ग्राम में पंडाल बनाया जाता है। मौके पर अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने पंडाल में साफ- सफाई, लाइटिंग, पेयजल,सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। कहा कि नियमों व सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए शांति पूर्ण वातावरण में पूजा सम्पन्न हो इसके लिए प्रशासन मुस्तैद है। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी ने बताया कि सभी पूजा पंडाल व मेले वाले स्थान को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने के साथ साथ वोलंटियर की टीम को तैयार करना तथा विसर्जन के दौरान डीजे में भड़कीले गाने पर प्रतिबंध रखना पूजा समितियां की जिम्मेदारी है। वही उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम पर पुलिस चौकस रहेगी किसी भी सूरत में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नही जाएगा। मौके पर एसआई चंद्रशेखर दुबे, उमेश कुमार यादव, समीम खान, मोख्तार अंसारी, शैलेस सिंह, रवि सिंह, समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# चौकीदार पद के अभ्यर्थियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौकीदार पद के अभ्यर्थियों ने सोमवार को उपायुक्त को आवेदन सौंपकर प्रश्न पुस्तिका पत्र के साथ प्रश्न उत्तर पत्र जिला के वेबसाइट् में अपलोड करने की मांग किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रश्न पुस्तिका पत्र के साथ प्रश्न का उत्तर पत्र जिला वेबसाइट पर अपलोड किया जाए ताकि प्रत्येक अभ्यर्थी अपना अंक देख सकें। अभ्यर्थियों ने आगे यह भी कहा है कि जब तक ये सुधार नहीं होता है तब तक 5 अक्टूबर 2024 को होने वाली शारीरिक परीक्षा को स्थगित किया जाए।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हाई अलर्ट पर हजारीबाग प्रशासन, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रुप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग मे 2 अक्टुबर को होना है जिसे लेकर जिला प्रशासन प्रशासन हाई अलर्ट पर है। शहर में उत्साह है, लोग पीएम मोदी को देखने के लिए उत्सुक हैं।.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अक्टूबर को हजारीबाग में चौथी यात्रा प्रस्तावित है इसकी तैयारी में प्रशासन जुट गया है। पीएम की सुरक्षा को लेकर हजारीबाग पुलिस हाई अलर्ट पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो जून को हजारीबाग में अलग-अलग स्थानो पर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कारण विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर और मटवारी गांधी मैदान के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दोनों जगहों पर बड़े-बड़े पंडाल लगाने के साथ कार्यक्रम स्थल को सजाया जा रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चौथी यात्रा मे जब हजारीबाग आए तो उन्हें सुंदर नजारा दिखाई दे। प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर



जिले के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा नेताओं में भी खुशी का माहौल है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल खुद कार्यक्रम की कमान अपने हाथ में संभाले हुए हैं ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह हजारीबाग यात्रा बिना बाधा के पार हो जाए। दोनों कार्यक्रम स्थल को केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अपने घेरे में ले लिया है। जबकि एक दर्जन से अधिक पैरा मिलिट्री फोर्स को भी तैनाती की जा रही है? इसके अलावा राज्य भर से एसपी रैंक के पदाधिकारी, 45 डीएसपी 101 इंस्पेक्टर और 400 से अधिक इंस्पेक्टर की तैनाती की जा रही है। खुफिया विभाग को भी हाई अलर्ट में रहने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल के आसपास के घरों की स्कैनिंग शुरू कर दी गई है। घरों में रहने वाले लोगों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। खसकर मटवारी गांधी मैदान, कृष्णापुरी, बाबू गांव, कोर्रा, लोचन पथ, धोबिया तालाब, सुरेश कॉलोनी लाखे क्षेत्र में कई लाज और हॉस्टलों में पुलिस की टीम घूम-घूम कर स्कैनिंग कर रही है। इस कार्य में जिला बल के अलावा कई पुलिस टीम को लगाया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शहर में 20 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिसमें कर्जन ग्राउंड, जिला स्कूल, संत कोलंबस कॉलेज मैदान, डीपुगढा सिंचाई कॉलोनी एसपी आवास के सामने, होमगार्ड ऑफिस रोड को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री को कार्यक्रम को लेकर सिविल सर्जन डॉ सरजू प्रसाद सिंह ने कार्डियक एंबुलेंस के साथ चार चिकित्सकों का टीम गठन किया है। जो लगातार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और काफिले में शामिल होकर उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करेगी। कार्डियक एम्बुलेंस में चार चिकित्सक, चार पारा कर्मी, फूड इंस्पेक्टर और ब्लड चिकित्सक मोजुद रहेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर प्रधानमंत्री के लिए एंबुलेंस में ब्लड को भी रिजर्व रखा गया है। प्रधानमंत्री के दोनों कार्यक्रम में अलग-अलग चिकित्सीय टीम रहेगी। एक टीम कार्यक्रम स्थल पर और दूसरा टीम क्राकेट के साथ चलेगा।

# डॉ अमित सिन्हा ने प्रशासनिक पदाधिकारियों को गंगा आरती मे शामिल होने का दिया निमंत्रण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य गंगा आरती को सफल बनाने के उद्देश्य से डॉ. अमित सिन्हा ने शहर के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। इस विशेष आयोजन के लिए डॉ. सिन्हा ने प्रशासनिक अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें गंगा आरती में शामिल होकर इस सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया। डॉ. अमित सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नगरवासियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने और हजारीबाग के गौरवशाली इतिहास को जीवंत रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि गंगा आरती का आयोजन शहरवासियों को एकजुट करने और अपनी परंपराओं को सम्मानित करने का भी माध्यम बनेगा। इस बीच, डॉ. अमित सिन्हा की टीम ने शहर के प्रमुख व्यक्तियों, गणमान्य नागरिकों, और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के घर-घर जाकर सभी को गंगा आरती के लिए आमंत्रित किया। उनकी टीम ने हर गली-मोहल्ले में जाकर व्यक्तिगत रूप से लोगों को निमंत्रण पत्र सौंपा और




कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने का निवेदन किया। कार्यक्रम की व्यापक तैयारियाँ चल रही हैं, और पूरे आयोजन को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। डॉ. सिन्हा ने बताया कि गंगा आरती के दौरान भक्तों के लिए दीपदान की व्यवस्था भी रहेगी, जिससे यह आयोजन और अधिक भव्य और आनंदमय हो सके। समाज के हर वर्ग का सहयोग प्राप्त करने के लिए डॉ. अमित सिन्हा स्वयं और उनकी टीम पूरी सक्रियता से काम कर रही है, ताकि यह आयोजन पूरे हजारीबाग में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित हो सके।

# कृषि क्षेत्र में महिलाओं के आगे आने से वह आत्मनिर्भर हो रही है,जो अच्छा संकेत है : ललिता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक संधारण बैठक एफपीओ कार्यालय, नवादा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जया अहमद ने किया तथा संचालन राहुल कुमार ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मांडू के पूर्व विधायक जेपी पटेल की धर्मपत्नी पत्नी ललिता देवी, डा0 नज़ीर अंसारी,उप प्रमुख सरयु साव की उपस्थिति रही। ललिता देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कंपनी से जुड़कर हमारी विष्णुगढ़ की महिलाएं सशक्त हो रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही है। ये हम गृहणियों के लिए बहुत ही सुनहरा मौका है कि हम इस कंपनी के माध्यम से लोगों को कृषि के क्षेत्र में जागरूक करें। और आगे बढ़ें। डॉ0 नज़ीर अंसारी ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लगा कि यहां आई सैकड़ो महिलाएं जो इस कंपनी से जुड़ी है और इस कंपनी के माध्यम से बीज से लेकर फसल को मंडी पहुंचने तक कहीं भी बिचौलियों का सहारा नहीं लेना पड़ता है। उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि हमारे बहनों का यह हौसला देखकर मुझे गर्व होता है कि हमारी बहने अगर सफल होगी तो आर्थिक रूप से एक परिवार मजबूत होगा तभी हमारे



क्षेत्र और देश का विकास संभव है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख उमा देवी, पूर्व जिप सदस्य सरस्वती देवी, गुरु प्रसाद साव, लेखापाल कांति कुमारी,कमरुल अंसारी, इकबाल अंसारी, दीपक रजक, कंपनी के प्रबंधक रोहित कुमार साव, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर वीणा देवी, शकील अंसारी, हाजरा खातून, इमरान अंसारी, बेबी देवी, आशिक अंसारी, इशरत खातून, लीलावती देवी, आरती देवी, ज्योति कुमारी के अलावा सैकड़ों की संख्या में कंपनी से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बांग्लादेशी भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज हिन्दू राष्ट्र संघ के द्वारा किया जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हिन्दू राष्ट्र संघ की एक बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी ने की। हिन्दू राष्ट्र संघ को मजबूती प्रदान कर प्रदेश स्तर पर कमिटी का विस्तार करते हुए अजय सिन्हा को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल केशरी एवं समरेश तिवारी को प्रदेश सचिव, ललन कुमार ओझा को मीडिया प्रभारी प्रदेश तथा पंकज कुमार को प्रदेश सह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में श्री राम के जयकारे के साथ अपने आप को हिन्दू राष्ट्र संघ के साथ समर्पित भाव से कार्य करते हुए हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी ने कहा कि आगामी 6 अक्तूबर रविवार को हजारीबाग जिला से बांग्लादेशी



घुसपैठी भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज किया जाएगा। इस आंदोलन को हजारीबाग जिला से शुरू करते हुए पूरे झारखण्ड में चलाया जाएगा। श्री केशरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिहादीयो का प्रयास है कि भारत में भी इसी तरह का माहौल उतपन्न हो। अतः ऐसे लोगों पर नियंत्रण रखना होगा। बांग्लादेशी घुसपैठीयो को यहाँ से वापस भगाना होगा। मौके पर संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण ने कहा कि संगठन द्वारा दुर्गा पूजा में हिन्दू राष्ट्र संघ माताओं-बहनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिहादियो पर कड़ी नजर रखी जाएगी। डांडिया नाइट कार्यक्रम जहाँ भी किया जाएगा वहाँ संगठन के द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। क्योंकि डांडिया के बहाने जिहादियो द्वारा हिन्दू बहनों को लव जेहाद के जाल में फंसाया जाता है। इसके लिए संगठन एक हेल्प लाईन नंबर भी जारी करेगा। इस बैठक में प्रदेश, जिला एवं नगर कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# शेफाली गुप्ता का जनसंपर्क : प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा संचालित परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग गांधी मैदान में जनसभा करेंगे एवं झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इसको लेकर सोमवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखण्ड में जनसंपर्क किया। इसके बाद कटकमसांडी प्रखण्ड के शाहपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का ग्रामीणों को निमंत्रण दिया साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गांधी मैदान हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन को लेकर आगमन हो रहा है। मौके पर शाहपुर उपमुखिया प्रेमचंद प्रसाद, बूथ अध्यक्ष दुर्जेय प्रसाद, भाजपा कार्यकर्ता अशोक यादव, शम्भू प्रसाद, योगेन्द्र प्रसाद, ब्रजेश प्रसाद, महादेव उरांव, उमाशंकर पाण्डे, विणा देवी, रिता देवी, गेन्सी देवी, मालती देवी, राधा देवी, गुडिया देवी, पूनम देवी, अर्जुन प्रसाद, दयानंद पाण्डेय, बलदेव कुमार, सोनमती देवी, बबीता देवी, ममता देवी, रूपा देवी, उर्मिला देवी, राज किशोर प्रसाद, आकाश कुमार, कृष्णा प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, जितलाल प्रसाद, गिरजा प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, अवध कुमार, राज किशोर प्रसाद उर्फ किट्टू, विनोद कुमार, उपेन्द्र कुमार, विरेंद्र कुमार, सुरेश राय, अरूण सिंह, तेज नारायण प्रसाद, चंद्रिका राणा, सबिता देवी, ललीता देवी, बसंती देवी, राधिका देवी, गायत्री देवी, पर्वती देवी, सुधा देवी, सुनीता देवी, उगनी देवी, किरण देवी, बबिता देवी, सुरेश प्रसाद, विशाल वाल्मीकि, मनमीत अकेला, रोहित पांडे, मनोज पांडे, विकाश हरि, आशीष कुमार एवं राहुल पांडेय सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरही के बरसोत निवासी राजेश सिंह का सड़क दुर्घटना में हुई मौत

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व विधायक, शोक संवेदना किया व्यक्त

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बरसोत निवासी नारायण सिंह के 43 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह का सड़क दुर्घटना मौत हो गई। बताया जाता है की चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवा गौरी पुल के नजदीक रविवार देर शाम अज्ञात वाहन ने उनके बाइक को अपने चपेट में ले लिया था। जिसमे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जहां इलाज के लिए





कोडरमा ले जाने के दौरान उनकी मौत गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश अपने बाइक संख्या से कोडरमा से बरही की ओर आ रहे थे। वहीं घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर बरसोत पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, सुजीत कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, समाजसेवी दीपक पाठक, आनंद केशरी एवं नरेश कुशवाहा ने इस घटना को काफी दुःखद बताया।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक मे बीडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा पूजा को शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाए। वही थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा की डीजे पूर्ण प्रतिबंध है इसके साथ सभी अखंड धारी को सीसीटीवी कैमरा,अग्निशमन संयंत्र की



व्यवस्था जरूर रखें। वही दारू एवं झुमरा दुर्गापूजा समिति के लोगों ने चलन शौचालय की भी मांग की। इस मौके पर एएसआई गणेश हसदा, अभिषेक कुमार, सुरेश साव, संजीत कुमार, शेखर गुप्ता, सुलेमान मियां, शमसुद्दीन मियां, विजय कुमार, उस्मान अंसारी, राकेश कुमार, भैया संतोष सिन्हा,कृष्ण चंद्र यादव, जैनुल अंसारी, रविंद्र कुमार कैलाश प्रसाद इत्यादि कई लोग मौजूद

# डीवीसी मे हिन्दी दिवस पखवाड़ा समारोह मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सशक्त बनाने, उसे कायम रखने एवं कर्मचारियों के बीच राजभाषा के प्रति जागरूकता लाने तथा उसके उत्तोरेतर प्रयोग की गति में वृद्धि के उद्देश्य से तथा राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु विगत वर्षो की तरह दामोदर घाटी निगम, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह 14 से 30 सितम्बर, तक मनाया गया । वहीं, भाव पल्लवन प्रतियोगिता में एक चित्र देखकर उसका भाव प्रस्तुत करने की चुनौती दी गई, जिसके लिए 1 घंटे का समय निर्धारित था। जिसमें मुख्य अतिथि श्री संजय




कुमार, निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रधान थे, मुख्य वक्ता मनमथ नाथ मिश्र, आकाशवाणी एवं विशिष्ट अतिथि में अमित कुमार शील, वरिष्ठ महाप्रबंधक(वि.), डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी थे । सबसे पहले सभी अथितियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके राजभाषा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । इसके बाद मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक व परियोजना प्रधान हजारीबाग ने अपने संदेश में कहा कि हजारीबाग परियोजना में हिन्दी् के प्रचार-प्रसार में कम्?प्?यूटर और अन्य नयी तकनीक का महत्वरपूर्ण योगदान रहा है । उन्होंने कहा कि नयी तकनीक के बदौलत ही हिन्दी विश्व? भर में स्वीकार्य की जा रही है और भविष्य में रोजगार की भाषा बनाने पर हमें जोर देना होगा । मुख्य वक्ता मनमथ नाथ मिश्र थे, ने कहा कि हिंदी, जो हमारे देश की राजभाषा है, सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता, और पहचान की अभिव्यक्ति है । यह हमारे राष्ट्रीय एकता के सूत्रों को मजबूती प्रदान करती है, क्योंकि यह भाषा करोड़ों लोगों को आपस में जोड़ती है । राहुल रंजन, प्रबंधक (मासं) ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंत में आभार प्रदर्शन किया । इस कार्यक्रम में डी0वी0सी0 हजारीबाग परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । प्रमुख रूप से सुमन भौमिक, सुजीत नारायण, दिपक कुमार, विकास कुमार, अमन रजत पुर्ति, रविन्द्र मुंडा, ए. के. मौर्या, धीरज कुमार, मदन कुमार, संदीप पाल, गुरूपदो राय, शंकर सिंह, आदि उपस्थित थे ।

# रोड पर खुला नाली दुर्घटना को दे रही है आमंत्रण

**▶ कालीबाड़ी मोड पर नाली पर स्लैब या जाली लगाया जाए : रोमी सलूजा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के व्यस्तम मार्गो मे से एक मालवीय मार्ग अवस्थित काली बाड़ी मोड़ पर नाली खुली हुई है जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। इसके कारण बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस संबंध मे जदयू के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोमी सलूजा ने कहा की स्थानीय कालीबाड़ी रोड आटा चक्की के करीब मोड पर नाली पर कोई स्लैब या जाली नहीं होने कारण आए दिन घटना घटती रहती है हमेशा चार



पहिया वाहन या दो पहिया वाहन उसमें गिरते हैं लोगों को चोट लगती है। मोहल्लेवासी के बोलने पर भी इसे नही बनाया गया । अब आने वाले कुछ ही दिनों मे दुर्गा पूजा में लोगों की भीड़ लगेगी ऐसे मे अब जल्द से जल्द इस नाली में या तो जाली लगाया जाए या स्लैब लगाया जाए ताकि कोई भीबड़ा हादसा ना हो।

# मुन्ना सिंह ने रांची हवाई अड्डे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का स्वागत

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची हवाई अड्डे पर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेताओं का स्वागत किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर स्थानीय नेताओं ने उनका अभिवादन किया इस दौरान हजारीबाग के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया । हवाई अड्डे पर



एक संक्षिप्त लेकिन उत्साहपूर्ण स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ,राष्ट्रीय समन्वयक एवं झारखंड सोशल मीडिया प्रभारी अभय तिवारी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय, एवं हज़ारीबाग़ के वरिष्ट कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# सारूकुदर में विद्यालय समिति का किया गया पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय,सारुकुदर के प्रांगण में झारखंड सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिसूचना संख्या 230 दिनांक 01.04 2021 के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी,विष्णुगढ़ हजारीबाग के पत्रांक 128 दिनांक 21 09.24 के आदेश के अनुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन कार्य किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो के उपस्थित रहे।पुनर्गठन कार्यक्रम में सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो को सभा अध्यक्ष बनाया गया।जिन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रकिया के तहत जिसमें 19 सदस्य का चयन किया गया,12 सदस्य का चयन अभिभावक एवं माता-पिता से किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष के रूप में सुखदेव महतो को चयन किया



गया,उपाध्यक्ष के पद में कनीजा खातून का चयन किया गया। सभा का समाप्ति धन्यवाद ज्ञापन पीजीटी शिक्षक बबलु राणा के द्वारा किया गया।आम सभा की बैठक में मुख्य रूप से सरफराज अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, अब्दुल सफाज, लालजी महतो, मुकेश कुमार सिंह वार्ड सदस्य गुलाब राम, कुंजलाल महतो, शिक्षक भोला महतो, शेर बहादुर यादव, बबलु राणा, मोहन महतो, शंभू रजक, नागेश्वर राम,भागीरथ महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मडमो मुखिया कुंती कुमारी ने अबुआ आवास में गरीबो को कराया गृहप्रवेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचयात के डुमरियाटांड मे अनीता देवी पति चूड़का मांझी रतनी देवी,पति रति मांझी सिमोती देवी,पति सेवाराम मांझी किरण देवी,पति रंजीत रविदास का अबूआ आवास का आज मुखिया कुंती कुमारी तथा पंचयात समिति सदस्य बहराम हांसदा द्वारा विधिवत रूप पूजा अर्चना कर फीताकाटकर बने नए अबुआ आवास में सभी का गृहप्रवेश कराया। मुखिया कुंती कुमारी ने कहा कि बड़ी मेहनत एवं प्रयास इस कार्य मे सफल हुई। पंसस बहराम हांसदा ने कहा कि मैंने मडमो पंचायत को लेकर प्रखण्ड की हर बैठकों में इसका मुद्दा उठाता रहा जिसका परिणाम है,आज लोग गृहप्रवेश कर रहे है। मै वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को धन्यवाद देता हूँ हमारी मांग को पूरा किया और अन्य पंचायत के अपेक्षा अधिक अबुआ आवास देकर गरीबों की सपना को पूरा किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद, प्रकाश साव,घनश्याम महतो सनीचर सोरेन,रामानंद सिँह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के खिलाफ आन्दोलनरत अभ्यर्थियों को मिला संजय मेहता का समर्थन

**▶ आंदोलनकारियों से मिलकर बढ़ाया हौसला, की सीबीआई जांच की मांग**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखण्ड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) के केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता सोमवार को रांची पहुंचे। यहाँ उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित रूप से हुए धांधली के खिलाफ आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों संग मुलाकात की। साथ ही आंदोलन की आगे की रूप रेखा क्या होगी इसपर गंभीर विचार विमर्श किया गया। कानून पर उनकी अच्छी पकड़ है।उन्होंने आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि यह हम झारखण्डियों का दुर्भाग्य है कि हमारे राज्य में एक भी नियुक्ति की



परीक्षा पारदर्शिता एवं बिना गड़बड़ी के साथ सफल हो। एक के बाद एक पेपर लीक एवं परीक्षाओं का रद्द होना हमारे लिए चिंता का विषय है। ऐसे में हमारे राज्य के युवा न तो अधिकारी बन पाएंगे न अपने राज्य को संवार पाएंगे। अब तक की सभी सरकारें अपने कार्य को करने में असफल साबित हुई हैं।उन्होंनें प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी के साथ-साथ नियोजन नीति, परीक्षाओं का रद्द होना, स्थानीयता जैसे मुद्दों पर भी सरकार को जम कर लताड़ा है। उन्होंने कहा कि पाँच लाख सरकारी नौकरी देने का वादा करने वाले मुख्यमंत्री एक परीक्षा तक सही ढंग से आयोजित नहीं करवा पा रहे है।

**JBKSS छात्र इकाई झारखंड बचाओ क्रांति छात्र समिति के नेता भी पहुंचे**

प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में JBKSS छात्र इकाई झारखंड बचाओ क्रांति छात्र समिति के नेता भी पहुंचे और सीबीआई जांच की मांग की। छात्र नेताओं ने कहा कि जेएसएससी झारखंड के विद्यार्थियों के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। इस तरह की अनियमितता अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गरसुल्ला में क्षतिग्रस्त सड़क का रौशनलाल चौधरी ने मोरम डलवाकर कराया मरम्मत



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत के ग्राम चानो में सोमवार को बिते दिनों पानी के तेज बहाव के कारण ग्रामीणों के आवागमन हेतू रास्ता क्षतिग्रस्त होने के जानकारी मिलने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोरम डालकर रास्ते का मरम्मत कराया। वहीं सोमवार को कार्य का जायजा लेने रोशनलाल चौधरी चानो पहुंचे और उन्होंने कहां की ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए वे एवं पार्टी कार्यकर्ता दिन रात जनहित के कार्यों में लगे हुए हैं।उक्त सड़क की मरम्मत होने से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।मौके पर सुनिल उरांव, महेश महतो,कैलाश महतो,राजेंद्र सर,सुरेश महतो,मेघन यादव,सोहर महतो,मुकेश महतो, संतोष महतो,मनोज, सुरेंद्र, कमलेश महतो,अब्बास अंसारी, फूलचंद महतो,बलदेव महतो, आजाद सिन्हा,टेकलाल महतो, पंकज महतो,राजेंद्र महतो,केतार महतो,रति महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन के द्वारा नए मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर मतदाताओं के बीच निर्वाचन प्रक्रिया व ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता के मध्य नजर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी हिस्सा उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया था । ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन सोमवार को बड़कागांव विधानसभा के पतरातु प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत और जवाहर नगर पंचायत के मतदान केदो में जाकर नए पुराने लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही डेमोंसट्रेशन के माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपैट कैसे काम करता है लोगों को बताया गया।

## रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने धनी लाल विश्वकर्मा के परिवार को किया आर्थिक सहायता प्रदान



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगडा झोपड़ी बस्ती के धनी लाल विश्वकर्मा के मृत्यु पर रामगढ़ विधानसभा के विधायिका सुनीता चौधरी ने दुख जताई और आत्म शांति के लिए प्रार्थना की एवं गरीब परिवार के लिए खाद सामग्री एवं धनराशि उपलब्ध करवाई मुख्य रूप से समाजसेवी रंजीत पासवान समाजसेवी सत्येंद्र महतो समाजसेवी छोटू पटेल समाजसेवी दीपक उरांव बंटी सागर शुभम विश्वकर्मा गलिया देवी जर्की देवी उपस्थित थे

## सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में छात्र एवं छात्राओं को खेल संबंधित सामग्री का किया गया वितरण



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अर्पिता महिला मंडल अरगडा क्षेत्र के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में छात्र एवं छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु खेल संबंधित सामग्री का वितरण किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ महिला मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत के द्वारा किया गया और स्वागत गान के पश्चात बच्चों में क्रिकेट बैट कैरम बोर्ड बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल इत्यादि सामग्रियों का वितरण छात्र-छात्राओं के बीच किया गया उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र की प्रथम महिला प्रीति झा एवं रश्मि कुमार शालिनी पाटिल बबीता राय मधु सिंह अर्पिता महिला मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम में एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया तथा अंत में प्राचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़ की आवश्यक बैठक हुई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़



की आवश्यक बैठक राधा गोविंद यूनिवर्सिटी गडके में आहूत की गई है।इस बैठक की अध्यक्षता युवा सम्राट जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू एवं संचालन जिला सचिव बिनोद कुमार महतो ने किया। इस बैठक में विचारणीय विषय बिन्दु निम्न पर चर्चा हुई। (1) सम्भावित आगामी दिनांक 14/10/2024 को मईया सम्मान यात्रा की शुरूवात रजरप्पा के पावन धरती से मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं बबीता देवी माँ छिन्नमस्तीके की पूजा-अर्चना कर यात्रा की शुरूवात करेंगी।।(2) आगामी 27/11/2024 को शहीद सोबरन सोरेन जी के शहादत दिवस की तैयारी के संदर्भ में विचार-विमर्श।(3) पंचायत एवं बूथ कमिटी को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श।(4) महिला मोर्चा जिला समिति एवं महिला मोर्चा प्रखंड समिति का विस्तार।(5) अन्यान्य अध्यक्ष के अनुमती पर।इस मौके पर उपस्थित भुवनेश्वरी प्रसाद उर्फ़ भुन्नु महतो,मधु साव,महेश ठाकुर,चित्रगुप्त महतो, आज़ाद अंसारी,संतोष कुमार,बरतू करमाली,विजय किस्कू,महेंद्र मुंडा,रामकिशुन गिरी,इश्वर उपस्थित हुए।

# सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार, अध्यक्ष जिला परिषद श्रीमती सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित हुए।इस दौरान सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई जिसकी क्रमवार समीक्षा करते हुए पोटो हो खेल विकास योजना के तहत संचालित खेल मैदानों की सूची को लेकर माननीय सांसद के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संचालित पोटो हो खेल मैदान की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया साथ ही उनके द्वारा खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया।जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों से चूट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में एलाइनमेंट तथा लाइट का नियमित रूप से कार्य नहीं करने को लेकर सांसद द्वारा कार्यों को गंभीरता से लेने तथा तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान गोला मार्केटिंग परिसर के सफल संचालन, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट निर्गत किए जाने, आदि को लेकर बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान समिति के सदस्यों के द्वारा स्थानीय समस्याओं को सभी के समक्ष रखा गया जिसके निराकरण को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने में अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले सभी कार्यों को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी प्रकार की कोई दुविधा को त्वरित अपने वरीय अधिकारियों अथवा ईसीआई के मैनुअल आदि के माध्यम से दूर कर लेने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ थाना परिसर में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार महिला थाना प्रभारी मुख्य रूप से शामिल थे। शांति समिति की बैठक में सभी पूजा समिति के सदस्यों को पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया ।रामगढ़ इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने कहा की सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखा जाय उन्होंने उपस्थित लोगों से पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्देश दिया। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने शांति समिति की बैठक में रामगढ़ सुभाष चौक से लेकर रांची रोड पूजा पंडाल तक यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन से आह्वान किया। कहां की पूजा के समय लोगों का आवागमन होता है इसलिए जरूरी है यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया जाए। इस पर रामगढ़ इंस्पेक्टर ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का बात कही। इस मौके पर प्रशांत बेलथारिया धनंजय कुमार पुटूस समाजसेवी कमल बगड़िया प्रवीण कुमार सोनू ग्यास खान आरिफ कुरैशी मुमताज अंसारी दिनेश सिंह सहित समाज के गण मान्य लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में पारा लिगल वोलेंटियर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के मार्गदर्शन में दिनांक 26/09/2024 से 30/09/2024 तक नवनियुक्त पारा लीगल वॉलंटियरयों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव श्री अनिल कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार चौरसिया, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री देवनाथ बैठा तथा अरुण कुमार गुप्ता, मेडिएटर सीमा चौधरी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं ने पारा लीगल वॉलंटिरयो को प्रशिक्षण दिया। डालसा के सचिव महोदय ने बताया कि सभी पारा लीगल वॉलंटियरस रामगढ़ के विभिन्न पंचायतों में नियुक्त किए जायेंगे पारा लीगल वॉलंटियर का काम समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाना है और उन्होंने बताया कि पीएलवी को विभिन्न कानूनों की मूल बातें सिखाई गई, जो उनके दैनिक जीवन के संदर्भ में जमीनी स्तर पर लागू होंगी, न्यायिक प्रणाली के कामकाज में इस्तेमाल की जाने वाली सूक्ष्म बारीकियाँ और पुलिस, समाज कल्याण विभाग, महिला और बाल कल्याण विभाग के अधिकारी और केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से निपटने वाले अन्य विभागों जैसे घरेलू हिंसा और किशोर न्याय अधिनियमों से जुड़े संरक्षण अधिकारियों के कामकाज के बारे में प्रशिक्षित किया गया। यदि विवाद इस तरह का है, जिसे पीएलवी की सहायता से हल नहीं किया जा सकता है, तो वे ऐसे पक्षों को डालसा में ला सकते हैं, जहां सचिव की सहायता से या तो इसे लोक अदालत या मध्यस्थता केंद्र में भेजा जा सकता है या समस्या की प्रकृति के आधार पर अदालत में कानूनी सहायता प्रदान किया जा सकता है। सभी 43 पी0 एल0 वी0 ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक पूरा किया।

## कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** कोलफील्ड मजदूर यूनियन द्वारा यूनियन के केन्द्रीय सचिव उदय कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर ओल्ड सिविल भुरकुंडा में संपूर्ण अंग वस्त्र,शौल,धडी, ट्रौलीर बैग एवं स्मारक देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ जुलूस निकाल कर इन्हें पटेल नगर यूनियन कार्यालय लाया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक, प्रबंधक आर के वर्णवाल, बबलू कुमार, राहुल कुमार, धिरेन्द्र कुमार,परियोजना अभियंता अंकुर विश्वास , अविनाश चन्द्रा, पंकज सिंह, अभिषेक कुमार,रिशु सिंह और यूनियन के रामाकांत दुबे, संजय यादव, भुरकुंडा साख सचिव पप्पू सिंह, संतोष, यादव जुगल नायक, मंजित रंजन, हरीशंकर पांडे, बिनोद साव, सुधीर सिंह, सुजित पटेल, सुरेन्द्र ठाकुर, दयानंद केशरी, मनोज सिंह, मनोज राम,रामानुज प्रसाद, दिलिप देवधरिया, सुभाष तिवारी, गया नोनिया,सुरेश, मनोज कुमार,बेलों शर्मा ,सुरेश मल्लाह संदिप राम,एस एम राजकुमार, पारसनाथ महतो, अर्जुन,बासदेव, मुन्ना मुंडा, रविन्द्र साह, बसंत कुमार बासपत , उमेन्द्र कुमार,आसित साहु , सुदामा पाणिग्रही, मुन्ना यादव आदि उपस्थित रहें ।

## राजभाषा पखवाड़ा 2024 का पुरस्कार वितरण-सह- समापन समारोह आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** महाप्रबंधक कार्यालय अरगडा क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा 2024 का पुरस्कार वितरण-सह- समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे अरगडा क्षेत्र के इकाइयों के विभिन्न अधिकारियो एवम कर्मचारियों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण- सह-समापन समारोह का आरंभ महाप्रबंधक संजय कुमार झा के द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा से की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (संचालन), राजीव कुमार सिंह, अमलाधिकारी (कार्मिक एवम् प्रशासन) मो0 फियाजुल् हक, कार्मिक प्रबंधक/ नोडल अधिकारी(राजभाषा) मनीष कुमार अम्बष्ट,प्रबंधक कार्मिक, गिद्दी सी संतोष कुमार चंदर्वेश एवं नोडल अधिकारी (लीगल)- निखिल श्रीवस्त्वा के साथ अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद थे। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओ मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर कुजू ओपी वा मांडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** रामगढ़ के कुजू में सोमवार के दिन तीन बजे वहीं मांडू में शांति एवं सद्भाव पूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित विभिन्न पंचायत से आए मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी एवं संचालन मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा ने की। बैठक के दौरान क्षेत्र में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा मनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस के लिए निर्धारित मार्गो से गुजरने की बात पर सहमति जताई गई। इस दौरान प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में व्यापक पुलिस व्यवस्था एवं शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता रंजीत कुमार सिंहा, इंद्र प्रसा दगुप्ता, अमर सिंह, प्रेम प्रसाद , प्रदीप गुप्ता, शिवा प्रसाद, कयूम खान, जितेंद्र गुप्ता, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, राकेश कुमार रॉक, निर्मल करमाली, हेमानी देवी, रामसेवक महतो, मोहसिन खान, रतन प्रसाद, गणेश सोनी, कुलदीप कुशवाहा, अमित केसरी, मोहनलाल महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

*सयाल डी पीओ से टिपर ऑपरेटरो कि वार्ता में नहीं बनी बात, कहा*

# मरते दम तक पीएसएमइ कंपनी के खिलाफ धरना रहेगा जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना में कार्यरत पीएसएमइ कंपनी के खिलाफ ओबी टिपर ऑपरेटरों का धरना तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। वहीं दूसरी ओर पतरातु बीडीओ मनोज गुप्ता ने धरना पर बैठे ऑपरेटरों के साथ वार्ता कि। और उन्होंने पतरातु प्रखंड कार्यालय में आकर मिलने कि बात कही। बता दे कि ऑपरेटरों का साफ कहना है कि भारत सरकार ने कोल माइंस वर्करों का वेतन प्रतिदिन 1399 रुपये निर्धारित किया है. लेकिन कंपनी यहां पर केवल 700 रुपये का भुगतान करती है। और यह पैसा भी समय पर नहीं मिलता है। वहीं दूसरी ओर सोमवार कि देर शाम टीपर आपरेटरो का सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध के साथ वार्ता हुई। हालांकि वार्ता में प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल नहीं होने पर आपरेटरो ने नाराजगी जताई। और कहा कि पीएसएमइ कंपनी के खिलाफ मरते दम तक धरना जारी रहेगा। यहां पर सयाल डी व बलकुदरा खदान के ऑपरेटर धरना दे रहे हैं। इसके कारण कोयला उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है। वहीं इस धरना में उत्तम महतो, मंगल मुंडा, नरेश मुंडा, मो साबिर, अमर कुमार, राकेश रजक, संतोष महतो, अमित कुमार, सुजीत कुमार, जितेंद्र यादव, उमेश बाउरी, निरंजन, पवन कुमार, साजिद रजा, इबरार कैसर, भीम रवानी, संजय कुमार, अभिमन्यु साव,विनोद बेदिया, भरत उरांव, प्रशांत कुमार, रामधनी उरांव, बनवारी उरांव, मनीष कुमार, सोहन चौहान, चंदन पासवान, नसीम अंसारी, कृष्णा राम, विनोद बेदिया, सुल्तान अंसारी,अरमान आलम आदि लोग शामिल हैं।

## कैरियर काउंसलिंग छात्रों के आत्मविश्वास बढ़ाने, सकारात्मक सोच और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह देता है : बीएन साह


**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए एलुमनाई मीट-2024 एवं मोटिवेशनल सह कैरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम देश के विभिन्न राज्यों से आए मोटिवेशनल वक्ताओं को एनसीसी कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड की संस्कृति पर आधारित संगीत व नृत्य द्वारा जोरदार स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह साथ ही सम्मानित अतिथियों ने संस्था के संस्थापक स्व राधा देवी एवं स्व गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ ,प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कुलसचिव महोदय प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने सभी सम्मानित अतिथियों को स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्होंने कहा की कैरियर परामर्श का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी ताकतों और कमजोरियों को समझने, उनके अनुसार कैरियर विकल्पों का चुनाव करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजसेवी बसंत हेमंत सरिया ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आपके मार्ग में आने वाले समस्याएं एवं चुनौतियों को अपनी कार्य कुशलता से अवसर में परिवर्तित कर सकते है ।विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राम विनय सर ने कहा की धैर्य एवं कड़ी निष्ठा से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो।दिल्ली से पहुंचे स्नेहलता ने भी छात्रों को मार्गदर्शन किए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि कैरियर काउंसिलिंग से छात्रों के आत्मविश्वास बढ़ाने , सकारात्मक सोच और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह देता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ रंजना पांडे एवं डॉ अमरेश पांडे ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं हजारों की संख्या छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जावा येजडी ने ऑनलाइन मोटरसाइकिल खरीदारी को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के साथ की साझेदारी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी जावा येजडी को फ्लिपकार्ट के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करने वाली पहली प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता बनाती है, जिसका लक्ष्य देश भर में उत्साही लोगों के हाई-एंड मोटरसाइकिलों तक पहुंचने और उन्हें खरीदने के तरीके में सुधार करना है।यह सहयोग जावा येजडी मोटरसाइकिल्स की डिजिटल रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इसकी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज की पहुंच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 500 मिलियन से अधिक यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, जावा येजडी मोटरसाइकिलें ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेंगी, जिससे भारत के विभिन्न हिस्सों के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को प्रदर्शन-क्लासिक बाइक की अपनी श्रृंखला का पता लगाने, तुलना करने और चुनने की सुविधा मिलेगी।क्लासिक लीजेंड्स के सीईओ आशीष सिंह जोशी ने साझेदारी पर कहा, फ्लिपकार्ट के साथ हमारा सहयोग प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जावा और येजडी मोटरसाइकिलों को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर लाकर, हम पूरे भारत में उत्साही लोगों के लिए खोज और खरीद अनुभव को बढ़ा रहे हैं। फ्लिपकार्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट के वाइस प्रेसीडेंट जगजीत हारोडे ने कहा, जावा येजडी मोटरसाइकिल्स के साथ यह साझेदारी प्रीमियम उत्पादों को ऑनलाइन खोजने और खरीदने के तरीके में क्रांति लाने की फ्लिपकार्ट की अद्वितीय क्षमता को दिखाती है।




## स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन ने लॉन्च कर दिया है अपने नया व्यापक पाठ्यक्रम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भावी सिविल सेवकों की तैयारी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन को 75त्न छात्रवृत्ति के साथ अपने यूपीएससी और अन्य सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के नए व्यापक पाठ्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जो उन्हें भारत की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और रणनीतियों से लैस करता है।स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थानप्रापक तैयार करने की अपनी विरासत के साथ, जिसमें रैंक 8 भी शामिल है, परीक्षा की गतिशील प्रकृति से मेल खाने के लिए अपने प्रस्तावों को नया और बेहतर बनाना जारी रखे हुए है। संस्थान से यूपीएससी परीक्षा में सफल होने वाले अन्य छात्रों में मोहम्मद शहंशाह सिद्दीकी यूपीएससी (सीएसई 2023) रैंक - 762 और जिज्ञासु अग्रवाल - (यूपीएससी सीएसई - 2023 - 326) शामिल हैं।इस पाठ्यक्रम की शुरुआत भविष्य के लीडर्स को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है जो देश के शासन को आकार देंगे। पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश अब प्रारंभ हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए 9954746918 पर संपर्क कर सकते हैं।स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन के सह-संस्थापक राज गौरव ने कहा, ÷नया पाठ्यक्रम सिविल सेवा परीक्षा के बदलते रुझानों और पैटर्न को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। हमारा उद्देश्य एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना है जो न केवल छात्रों को परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करता है बल्कि उन्हें सक्षम प्रशासक बनने के लिए भी तैयार करता है जो समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। पाठ्यक्रम को 75त्न छात्रवृत्ति के साथ बहुत ही किफ़ायती कीमत पर लॉन्च किया गया है।

## कांग्रेस नेता शंकर यादव के हत्या कांड के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष शंकर यादव हत्याकांड मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने कांड के आरोपी मुनेश यादव पिता नाथो यादव, ग्राम भट्ट बीघा चौपारण, जिला-हजारीबाग, को मामले में 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही ?50000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 2 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 120 बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही ?50000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 2 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगत नहीं होगी। वही न्यायालय ने रामदेव यादव व नरेश यादव को भी 302/34 आईपीसी एवं 120 बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही ?25000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने पवन यादव को 302 / 34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। एवं 25000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने सभी आरोपियों को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास कि सजा सुनाई साथ ही ?5000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत सभी को दोषी पाते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही 5000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेगी। बताते चलें कि मृतक शंकर यादव की पत्नी हेमलता देवी के के लिखित आवेदन पर चंदवारा थाना में चंदवारा थाना काड संख्या 16/ 2018 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक एंजेलिना वारला एवं अधिवक्ता सुरेस यादव ने किया। इस दौरान सभी 32 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से सभी अभियुक्तों को फांसी की सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन, तारकेश्वर मेहता एवं दीपक गुप्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## चार दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह का उद्घाटन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झुमरीतिलैया के अग्रसेन भवन में चार दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2024 का भव्य आयोजन शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी विजय केडिया द्वारा महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी मां लक्ष्मी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विजय केडिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत ÷एक रूपया, एक ईट÷ की प्रथा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। यह सिद्धांत समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय आयोजन का उद्देश्य समाज में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है, जिसमें विशेष रूप से बच्चे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। समारोह मे अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल और सचिव हिमांशु केडिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श अग्रवाल समाज को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से आग्रह किया कि हमें महाराजा के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, सह सचिव अरविंद चौधरी और कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने से समाज की सच्ची सेवा की जा सकती है। समारोह के अवसर पर प्रयोजना निदेशक संतोष लड्डा और संदीप हिसारिया ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी से जल संचयन और प्लास्टिक के उपयोग को रोकने की अपील की। इसके साथ ही, समाज के वरिष्ठ सदस्य मधुसूदन दारुका, महेश दारुका, कैलाश चौधरी और संजीव खेतान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधना और समाज के लोगों की प्रतिभा को सामने लाना है।

## छात्र-छात्राओं में संवाद क्षमता के विकास के लिए रांची स्पीक्स की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज द्वारा सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अवर विद्यालय निरीक्षक रांची- 1, 2, प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, जिले के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय रांची जिला को निर्देश देते हुए कहा हैं कि, प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक कक्षाओं के छात्र/ छात्राओं में संवाद क्षमता के विकास के लिए रांची स्पीकस की शुरुआत की गई हैं।छात्रों में संवाद क्षमता संवर्धन एवं भाषाई कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्तर से किया जाएगा । इसी क्रम में बच्चों में भाषाई कौशल संवर्धन हेतु माह अक्टूबर 2024 का विषय निम्नांकित है ~01-15 अक्टूबर 2024 प्राथमिक कक्षा (01 से 05) मेरा वर्ग



कक्ष- माई क्लास रूम एवं उच्च प्राथमिक (कक्षा 06 से 08)- फेस्टिवल्स ऑफ इंडिया।16-31 अक्टूबर 2024 प्राथमिक कक्षा (01 से 05) दुर्गा पूजा दुर्गा पूजा एवं उच्च प्राथमिक (कक्षा 06 से 08) भारत में विविधता डायवर्सिटी ऑफ इंडिया।जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, श्री बादल राज द्वारा सभी सम्बंधित को निर्देश देते हुए कहा की इन विषयों पर विद्यार्थीगण हिन्दी, अंग्रेजी, क्षेत्रीय या जनजातिय भाषा में अपनी प्रस्तुति तैयार करेंगे। शिक्षक निरंतर छात्रों को कक्षा में एवं प्रार्थना सभा में मंच पर बुलाकर इनकी प्रस्तुति को देखेंगे एवं इसका विडियो जिला शिक्षा अधीक्षक, रांची के Public Speaking whatsapp ग्रुप के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक माह के विषयों को जिला शिक्षा अधीक्षक,रांची कार्यालय द्वारा माह से पूर्व उपलब्ध करा दिया जायेगा।जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज द्वारा विशेष रूप से कहा गया की रांची जिला के सभी बच्चों में भाषाई कौशल एवं बेहतर शिक्षा के लिए वे हर तरह के प्रयास करेंगे। ताकि रांची जिला के बच्चें झारखण्ड ही नही पुरे भारत में झारखण्ड का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा की वे सभी विद्यालयों में निरीक्षण करके तमाम व्यवस्था देखेंगे।

## द आर वी एस को देश के शीर्ष 15 बेहतरीन लीड स्कूल बनने पर किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** द रामेश्वर वैली स्कूल देश के शीर्ष 15 लीड स्कूलों में हुआ शामिल। लीड भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती स्कूल एडटेक कंपनी है। 2012 में सुमीत मेहता और स्मिता देवरा द्वारा स्थापित लीड ग्रुप का मिशन भारत में हर बच्चे को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। आज पूरे भारत के 400 से अधिक शहरों एवं कस्बों में 8000 से अधिक स्कूल्स लीड से जुड़े है।हैदराबाद के ली मेरेडियन होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश से लीड स्कूल के माप दंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 15 स्कूलों को एक मंच पर बुलाया गया और उनका सम्मान किया गया।जिसमें मुख्य रूप से आंध्रङ्कप्रदेश, पंजाब, तेलंगाना ,मध्य प्रदेश और झारखंड कोडरमा से द रामेश्वर वैली स्कूल शामिल हुए।लीड के फाउंडर एवं सी ई ओ सुमीत मेहता ने एक एक कर सबों को प्रशस्ति पत्र और विनर अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। द रामेश्वर वैली स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्कूल के डायरेक्टर प्रवीण मोदी एवं प्राचार्य रश्मि बर्नवाल मौजूद थे।


e-Procurement Cell

**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**

JHARKHAND, RANCHI

**Very Short Term e-Procurement Notice**

**Tender Reference No.35/2024-25**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakhs) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉची जिलान्तर्गत पहाड़ी मंदिर की मरम्मती एवं पुनर्विकास कार्य | 424.543 | 8.491 | 10000.00 | 18 Month | कार्य के अनुरूप |
| 2 | पहाड़ी मदिर में गार्डवाल तथा बॉउण्डीवॉल निर्माण | 248.524 | 4.971 | 10000.00 | 12 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 01.10.2024 at 9:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 01.10.02024 at 11:00 AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 08.10.2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 09.10.2024 at 1:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

**Nodal Officer**
**e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**

PR 337630 NREP (24-25)_D



**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–**DOPR/DE/Ranchi/Retender/16/2024-25 , PR No.-334985**

| S. No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Development of Gate shed and mandap at Lagam Khelgoan Akhra, Silli Block | **53,63,900.00** | **1,07,500.00** | **10,000.00** | 06 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।

1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–04.10.2024

3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–05.10.2024 से 15.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4. **निविदा खोलने की तिथि–16.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न।**

5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093

6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।

9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**

10. **इस निविदा में जिला परिषद, राँची झारखण्ड रॉंची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।**

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची

PR 337639 Panchayati Raj(24-25)#D



**पलामू समाहरणालय**

प्रपत्र VI 'क'

**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 730(K)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 25.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–चेचरिया कला, थाना सं0–299, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ** निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–चेचरिया कला, थाना सं0–299, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **5.2999 एकड़** यानि **2.1448** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–ग्राम–चेचरिया कला, थाना सं0–299, कुल रकबा–5.2999 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 86 | 142 | टांड दो | रैयती | 0.0054 | मुन्सी सिंह वो परिखा सिंह पिता प्रीत सिंह वो राजेन्द्र सिंह वो ब्रजेन्द्र सिंह पिता राजकिशोर सिंह वो रामप्रवेश सिंह पिता गणेश नारायण सिंह | | | | |
| 2 | 83 | 139 | टांड दो | रैयती | 0.0741 | मुन्शी सिंह पिता रामप्रीत सिंह वो रामकिशोर सिंह वो राम नरेश सिं वो अवध किशोर सिंह पिता स्व0 राम स्वारथ सिंह | | | | |
| 3 | 119 | 138 | टांड दो | रैयती | 0.0197 | रामरेखा सिंह वो ददई सिंह वो दुलारी सिंह पिता बनवारी सिंह वो मुस्मात जगपति कुवंर पति बनवारी सिंह वो भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 रामनरेश सिंह | | | | |
| 4 | 119 | 136 | टांड दो | रैयती | 0.065 | रामरेखा सिंह वो ददई सिंह वो दुलारी सिंह पिता बनवारी सिंह वो मुस्मात जगपति कुवंर पति बनवारी सिंह वो भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 रामनरेश सिंह वो सरस्वती देवी पति स्व0 ददई सिंह वो अवधकिशोर सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो अविनाश कुमार सिंह पिता स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 राम नरेश सिंह वो विकास कुमार सिंह वो ओमप्रकाश सिंह पिता स्व0 राम नरेश सिंह वोद सुशीला देवी पति स्व0 शिवबचन सिंह वो सरोज देवी पति स्व0 वागेश्वर सिंह वो विन्ध्यांचल सिंह वो भगवती सिंह पिता भीष्म सिंह | | | | |
| 5 | 4 | 140 | टांड दो | रैयती | 0.0302 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह वो रामकिशोर सिंह वो राम नरेश सिंह वो अवध किशोर सिंह पिता स्व0 राम स्वार्थ सिंह | | | | |
| 6 | 149 | 135 | टांड दो | रैयती | 0.0356 | सुदर्शन सिंह वो सुदेश सिंह वो राम प्रवेश सिंह वो सूर्यदेव सिंह पिता वीरा सिंह वो अनील सिंह वो सुनील कुमार सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह | | | | |
| 7 | 72 | 134 | टांड दो | रैयती | 0.0833 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो कृष्णा बिहारी सिंह पिता चन्द्रदेव सिंह वो मुन्शी सिंह पिता रामपृत सिंह | | | | |
| 8 | 23 | 132 | टांड दो | रैयती | 0.0497 | जगन राम पिता निशनु राम | | | | |
| 9 | 23 | 131 | टांड दो | रैयती | 0.0223 | जगन राम पिता निशनु राम | | | | |
| 10 | 119 | 133 | टांड दो | रैयती | 0.0498 | रामरेखा सिंह वो ददई सिंह वो दुलारी सिंह पिता बनवारी सिंह वो मुस्मात जगपति कुवंर पति बनवारी सिंह वो भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 रामनरेश सिंह | | | | |
| 11 | 39 | 124 | टांड दो | रैयती | 0.3512 | मो0 तलुक राज कुवंर वो लालजरी वो लाल पीर पिता जगदीश सिंह वो विन्ध्यांचल सिंह पिता स्व0 भीष्म सिंह वो अवधकिशोर सिंह वो ईश्वरधन सिंह पिता स्व0 मुंशी सिंह | | | | |
| 12 | 41 | 116 | टांड दो | रैयती | 0.1651 | तजुकराज देवी पति राघव सिंह | | | | |
| 13 | 14 | 115 | टांड दो | रैयती | 0.1554 | गौरी देवी पति सुरेश्वर सिंह | | | | |
| 14 | 126 | 106 | टांड दो | रैयती | 0.1526 | कृष्णा बिहारी सिंह पिता चन्द्रदेव सिंह वो रूपदेव सिंह वो सुखदेव सिंह पिता रामदेनी सिंह | | | | |
| 15 | 68 | 105 | टांड दो | रैयती | 0.0214 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रूपा देवी पति संतोष कुमार सिंह वो बैंकटेश कुमार सिंह पिता विन्ध्यांचल सिंह | | | | |
| 16 | 81 | 103 | टांड दो | रैयती | 0.2197 | मुनर सिंह पिता ब्यास सिंह वो सुर्दशन सिंह वो सुदेश सिंह वो राम प्रवेश सिंह वो सूर्यदेव सिंह वो सूर्यपत सिंह पिता वीरा सिंह वो राजेन्द्र सिंह पिता हरनारायण सिंह | | | | |
| 17 | 3 | 98 | धनहर दो | रैयती | 0.0462 | अवधेश सिंह पिता धीर सिंह | | | | |
| 18 | 92 | 100 | धनहर दो | रैयती | 0.1102 | मोहरमानी देवी पति तपेश्वर राम श्याम बिहारी पासवान पिता मुखदेव राम | | | | |
| 19 | 119 | 102 | धनहर दो | रैयती | 0.1782 | रामकिशोर सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 रामनरेश सिंह | | | | |
| 20 | 121 | 99 | धनहर दो | रैयती | 0.0164 | चन्द्रकिशोर सिंह वो रामकिशोर सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह | | | | |
| 21 | 26 | 144 | टांड दो | रैयती | 0.1186 | जयगोविन्द सिंह पिता नौरंग सिंह | | | | |
| 22 | 4 | 514 | टांड दो | रैयती | 0.0917 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह | | | | |
| 23 | 4 | 513 | टांड दो | रैयती | 0.1381 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह | | | | |
| 24 | 4 | 510 | टांड एक | रैयती | 0.1310 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह | | | | |
| 25 | 119 | 509 | टांड एक | रैयती | 0.0169 | रामरेखा सिंह वो ददई सिंह वो दुलारी सिंह पिता बनवारी सिंह वो मुस्मात जगपति कुवंर पति बनवारी सिंह वो भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रामकिशोर सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह | | | | |
| 26 | 42 | 508 | टांड दो | रैयती | 0.0287 | तिलेश्वर सिंह वो सुदेश्वर सिंह वो राजेश्वर सिंह वो मंगल सिंह वो कामेश्वर सिंह पिता सर्वजीत सिंह वो रामकिशोर सिंह वो रामनरेश सिंह वो अवधकिशोर सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह | | | | |
| 27 | 42 | 507 | टांड दो | रैयती | 0.0245 | तदैव | | | | |
| 28 | 105 | 502 | टांड दो | रैयती | 0.0865 | राजेन्द्र सिंह पिता हरनारायण सिंह वो मुन्द्रिका सिंह पिता ब्यास सिंह वो सुदर्शन सिंह वो सुदेश सिंह वो रामप्रवेश सिंह वो सूर्यदेव सिंह वो सूर्यपत सिंह पिता बीरा सिंह | | | | |
| 29 | 81 | 501 | टांड दो | रैयती | 0.1018 | मुनर सिंह पिता ब्यास सिंह वो सुदर्शन सिंह वो सुदेश सिंह वो राम प्रवेश सिंह वो सूर्यदेव सिंह वो सूर्यपत सिंह पिता बीरा सिंह वो राजेन्द्र सिंह पिता हरनारायण सिंह वो मंजू सिंह पति अम्बिका यादव | | | | |
| 30 | 134 | 498 | टांड एक | रैयती | 0.1208 | श्री गोविन्द सिंह पिता नौरंग सिंह | | | | |
| 31 | 86 | 497 | टांड दो | रैयती | 0.1017 | मुन्सी सिंह वो परिखा सिंह पिता प्रीत सिंह वो राजेन्द्र सिंह वो ब्रजेन्द्र सिंह पिता राज किशोर सिंह वो रामप्रवेश सिंह पिता गणेश नारायण सिंह | | | | |
| 32 | 137 | 495 | टांड दो | रैयती | 0.0573 | सत्येन्द्र सिंह पिता छेदी सिंह वो सुरेश्वर सिंह पिता भुनेश्वर सिंह वो कामेश्वर सिह पिता तालिक सिंह वो राजेश्वर सिंह पिता इन्द्रजीत सिंह | | | | |
| 33 | 75 | 494 | टांड दो | रैयती | 0.1203 | भुलन सिंह पिता दिलीप सिंह | | | | |
| 34 | 39 | 493 | टांड दो | रैयती | 0.1196 | मो0 तलुकराज कुंवर वो लाल जरी वो लाल पीर पिता जगदीश सिंह | | | | |
| 35 | 101 | 491 | टांड दो | रैयती | 0.0731 | राघव सिंह वो सुरेश्वर सिंह पिता कुवंर सिंह | | | | |
| 36 | 3 | 488 | टांड दो | रैयती | 0.1603 | अवधेश सिंह पिता धीर सिंह | | | | |
| 37 | 68 | 489 | टांड दो | रैयती | 0.0098 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रूपा देवी पति संतोष कुमार सिंह वो बैंकटेश कुमार सिंह पिता विन्ध्यांचल सिंह | | | | |
| 38 | 75 | 648 | धनहर दो | रैयती | 0.1865 | भुलन सिंह पिता दिलीप सिंह | | | | |
| 39 | 121 | 922 | टांड दो | रैयती | 0.0331 | रामरेखा सिंह वो ददई सिंह वो दुलारी सिंह पिता बनवारी सिंह वो मुस्मात जगपति कुवंर पति बनवारी सिंह वो भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रामनरेश सिंह पिता स्व0 रामस्वार्थ सिंह वो राजकुमारी देवी पति स्व0 रामकिशोर सिंह वो कविता देवी पति स्व0 रामनरेश सिंह | | | | |
| 40 | 101 | 649 | धनहर दो | रैयती | 0.0395 | राघव सिंह वो सुरेश्वर सिंह पिता कुवंर सिंह | | | | |
| 41 | 109 | 921 | टांड दो | रैयती | 0.0369 | रामकिशोर सिंह वो राम नरेश सिंह वो अवध किशोर सिंह पिता राम स्वारथ सिंह | | | | |
| 42 | 3 | 920 | टांड दो | रैयती | 0.0429 | अवधेश सिंह पिता धीर सिंह | | | | |
| 43 | 8 | 919 | टांड दो | रैयती | 0.0502 | कृष्णा बिहारी सिंह पिता चन्द्रदेव सिंह वो रूपदेव सिंह वो सुखदेव सिंह पिता रामदेनी सिंह वो अवधेश सिंह पिता धीरा सिंह | | | | |
| 44 | 68 | 918 | टांड दो | रैयती | 0.0552 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रूपा देवी पति संतोष कुमार सिंह वो बैंकटेश कुमार सिंह पिता विन्ध्यांचल सिंह | | | | |
| 45 | 4 | 917 | टांड दो | रैयती | 0.0599 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह | | | | |
| 46 | 4 | 916 | टांड दो | रैयती | 0.0784 | इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह पिता महेश सिंह वो मो0 असवरत कुवंर पति गिरवर सिंह | | | | |
| 47 | 105 | 915 | टांड दो | रैयती | 0.0912 | राजेन्द्र सिंह पिता हरनारायण सिंह वो मुन्द्रिका सिंह पिता ब्यास सिंह वो सुदर्शन सिंह वो सुदेश सिंह वो रामप्रवेश सिंह वो सूर्यदेव सिंह वो सूर्यपत सिंह पिता बीरा सिंह | | | | |
| 48 | 71 | 914 | टांड दो | रैयती | 0.1033 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रूपा देवी पति संतोष कुमार सिंह वो बैंकटेश कुमार सिंह पिता विन्ध्यांचल सिंह | | | | |
| 49 | 86 | 911 | टांड दो | रैयती | 0.212 | मुन्सी सिंह वो परिखा सिंह पिता प्रीत सिंह वो राजेन्द्र सिंह वो ब्रजेन्द्र सिंह पिता राज किशोर सिंह वो रामप्रवेश सिंह पिता गणेश नारायण सिंह | | | | |
| 50 | 26 | 909 | टांड दो | रैयती | 0.0741 | जयगोविन्द सिंह पिता नौरंग सिंह | | | | |
| 51 | 134 | 908 | टांड दो | रैयती | 0.1008 | श्री गोविन्द सिंह पिता नौरंग सिंह | | | | |
| 52 | 137 | 907 | टांड दो | रैयती | 0.1123 | सत्येन्द्र सिंह पिता छेदी सिंह वो सुरेश्वर सिंह पिता भुनेश्वर सिंह वो कामेश्वर सिंह पिता तालिक सिंह वो राजेन्द्र सिंह पिता इन्द्रजीत सिंह | | | | |
| 53 | 8 | 906 | टांड दो | रैयती | 0.1372 | कृष्ण बिहारी सिंह पिता चन्द्रदेव सिंह रूपदेव सिंह वो सुखदेव सिंह पिता रामदेनी सिंह वो अवधेश सिंह पिता धीरा सिंह | | | | |
| 54 | 3 | 905 | टांड दो | रैयती | 0.1468 | अवधेश सिंह पिता धीरा सिंह | | | | |
| 55 | 68 | 904 | टांड दो | रैयती | 0.1292 | भीष्म सिंह वो भुनेश्वर सिंह पिता प्रगास सिंह वो रूपा देवी पति संतोष कुमार सिंह वो बैंकटेश कुमार सिंह पिता विन्ध्यांचल सिंह | | | | |
| 56 | 154 | 515 | पिंड | गै0मा0 | 0.0367 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 57 | 154 | 897 | पिंड | गै0मा0 | 0.1415 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 58 | 154 | 913 | पिंड | गै0मा0 | 0.0435 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| 59 | 154 | 903 | मोटा आर | गै0मा0 | 0.0365 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | |
| | | | | कुल :– | 5.2999 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 337458 Palamu (42-25)_D

# उपायुक्त की अध्यक्षता में दशहरा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

## डीजे में किसी विशेष गाना बजाने का अनुमति नहीं, दिए थाना प्रभारी को निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा 2024 को लेकर आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा लोहरदगा जिला में बहुत ही धूमधाम और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। सभी पूजा समिति अपने संबधित थानों में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के समय से अवगत करा दे। जो समय निर्धारित है उसी अवधि के अंदर प्रतिमा का विसर्जन हो। आयोजक अपने सोशल मीडिया समूह पर विशेष नियंत्रण रखें,जिसमें किसी को भी उकसाने वाला कंटेंट फारवर्ड करने की अनुमति नहीं हो। समितियों के वॉलेंटियर्स के साथ पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक



बैठक निर्धारित की जाएगी जिसमे वॉलेंटियर्स के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूजा पंडाल में अग्नि के खतरों से आपात स्थिति में निबटने के तरीकों और अग्निशामक के इस्तेमाल के बारे भी बताया जाएगा। सभी थाना प्रभारी डीजे संचालकों से लिखित सहमति प्राप्त कर लें जिसमें किसी भी संचालक को किसी मोबाईल से किसी विशेष गाना को बजाने की अनुमति नहीं होना शामिल हो। विसर्जन के दौरान बजाया जानेवाला गाना पहले से ही पेनड्राईव में सुरक्षित रख लिया जाय जिसमें कोई भडकाउ गाना शामिल नहीं हो। गाना बजाये जाने से पूर्व उसे अच्छी तरह जांच कर लिया जाय। वॉलेंटियर्स के लिए एक आईडी कार्ड भी जारी किया जाय जिसमें संबधित थाना प्रभारी का हस्ताक्षर हो। रावण दहन के दौरान लगनेवाले मेला में तीन-चार स्थानों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो ताकि आमजनों को किसी तरह की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाने में कम से कम समय लगे, उन तक कम समय में मदद पहुंचायी जा सके। पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थान पर तैनात रहेंगे इधर उधर नहीं जाएंगे। उपायुक्त ने पूजा समिति के आयोजकों को सुझाव दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान युवा वर्गों के लिए कॅरियर डेवलमेंट, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाय।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी होगी पेट्रोलिंग : हारिस बिन जमां**

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। मुख्य सडक में पडने वाले पूजा पंडालों के लिए विशेष ट्रैफिक मैनेजमेंट की व्यवस्था की जाएगी। पूजा समितिया पूजा पडालों में अग्निशामक की व्यवस्था रखेंगे ताकि किसी विशेष परिस्थिति से निबटा जा सके। साथ ही यह भी योजना बना लेंगे कि पूजा पडालों में फायर ब्रिगेड की गाडी किस तरह जल्दी पहुंच सकेगी। सभी पडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही सीसीटीवी से पूजा पडाल की निगरानी होने की सूचना बैनर के माध्यम से लोगों को भी दी जाए। पूजा समितिया अपने वॉलेंटियर्स की पहचान के लिए एक ही प्रकार के ड्रेस उपलब्ध कराए ताकि उनकी पहचान आसान हो। दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किसी भी परिस्थिति में नये मार्ग से नहीं की जाएगी, आयोजक पूर्व निर्धारित रूट का पालन करेंगे। सभी समितिया तैर सकनेवाले युवकों की सूची अपने संबंधित थाना में जरूर उपलब्ध कराये। साथ ही, विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाव के लिए तालाब या नदी के गहरे हिस्से की भी जानकारी हेतु साइनेज लगवाएंगे।

**गलत स्थान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बनाए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध**

# डीसी से मुख्य पथ के किनारे स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन बनवाने की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बाघचट्टा के सात आंगनवाड़ी पोषक क्षेत्र के लगभग चार सौ से अधिक ग्रामीण सोमवार को डीसी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कोनबेगी तेलीटोली में बनाए जा रहे स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन भवन को गलत स्थान में बनाए जाने की बात कहते हुए दूसरे जगह सड़क किनारे बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सात पोषक क्षेत्र बरबेड़ा मुडल टोली, चिड़रा टोली, पोढ़ाटोली, ससबिरना, कोनबेगी, कोनबेगी तेलीटोली के लिए कोनबेगी तेलीटोली में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन बनाया जा रहा है। कोनबेगी तेलीटोली तक जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण करने से पूर्व एक बार भी ग्रामीणों के साथ बैठक कर इस संबंध में राय नहीं ली गई। साथ ही गलत स्थान पर बना दिया जा रहा है। अगर स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण को अलग स्थान पर नहीं बनाया जाता है तो इस उपकेन्द्र भवन की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी और इसका लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाएगा। ग्रामीणों ने अस्पताल भवन को कोनबेगी में ही मुख्य पथ के किनारे में बनवाने की मांग की है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। आवेदन देने वालों में उप मुखिया प्रवीण बड़ाईक, विनोद साहू, अवधेश बड़ाईक, सिप्रियन किड़ो, नवल बड़ाईक, जोसेफ मिंज, दशरथ साहू, नवीन मिंज, विजय लकड़ा, रीता मिंज, मिराज सिंह, ओबेद टेटे सहित सैंकड़ों ग्रामीण समाहरणालय पहुंचे थे।

# नगर परिषद द्वारा स्वच्छता मिनी मैराथन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत आज दिनांक 30.09.2024 दिन सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति लोहरदगा और नगर परिषद लोहरदगा द्वारा स्वच्छता मिनी-मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया और प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी मोड़, साइडिंग, पावरगंज चौक, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, भठ्ठी चौक, नगर परिषद कार्यालय रोड, अलका सिनेमा (न्यू रोड), पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मिनी मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विजेताओं लड़के एवं लड़कियों को शील्ड, मेडल अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रथम 10 प्रतिभागियों (लड़के एवं लड़कियों) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज इस मौके पर नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा व अन्य पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा से पहले जिले के सभी खराब ट्रांसफार्मर बदले जाए : श्रद्धानन्द बेसरा

**दुर्गा पूजा से पहले जिले के सभी खराब ट्रांसफार्मर बदले जाए : श्रद्धानन्द बेसरा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नगर परिषद क्षेत्र गोंसाई मुहल्ला खैरन टोली वासियों के सुचना पर भाजपा नेता पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा गोसांई मुहल्ला पहुंचे। गोंसाई मुहल्ला के लोगों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सप्ताह पूर्व मुहल्ला का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से सम्पूर्ण मुहल्ला अंधेरे में रात गुजार रहें है, बच्चों को पढ़ाई लिखाई में परेशानी हो रही है। इस संबंध में लिखित आवेदन विद्युत विभाग सिमडेगा को दिया गया था परन्तु विद्युत विभाग सिमडेगा के द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है। बेसरा ने उपरोक्त संबंध में विभाग के अधिकारियों से बात चीत कर खराब ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द दुरूस्त कर विद्युत बहाल करने के लिए आग्रह किए।



साथ ही कहा कि जिले के अंदर दो दर्जन से अधिक ऐसे गांव और मोहल्ले हैं जिसमे महीनों से ट्रांसफार्मर खराब की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित है आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार है बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन से आग्रह है की सभी जगह पर दुर्गा पूजा से पहले ट्रांसफार्मर बदल दिए जाएं ताकि लोगों को परेशानियों का सामना करना ना पड़े। मौके पर अनेक मुहल्ला वासी उपस्थित थे,एवं जल्द बिजली बहाल हो ये गुजारिश कर रहे थे।

## मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति न्यू बस स्टैंड साईडिंग का अध्यक्ष बने सत्यापित सिंह व महामंत्री आकाश पटनायक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति न्यू बस स्टैंड, साईडिंग की बैठक अमृत पैलेश में रखी गई। जिसमें दूर्गा पूजा के सफल संचालन को लेकर विचार- विमर्श की गई। इस दौरान पुरानी समिति को भंग करके नयी समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सत्यापित सिंह (बाबू), महामंत्री आकाश पटनायक, कोषाध्यक्ष देवआनंद भगत चुने गए। जिनके द्वारा-नई समिति का विस्तार किया गया। उपाध्यक्ष गौरव सिन्हा, अतुल, गणपत अभिशेक सचिन आनंद, गणेश शर्मा, प्रिंस प्रियांशु, रोहित यादव (निक्की), दीपक साहु, विकाश वर्मा, मयंक ठाकुर हैं।सह-सचिव यशस्वी, तेजस सिंह,गोलू, शिवम, सुजल, प्रियांशु गंगा तथा ऋतिक वर्मा शामिल है। पूजा प्रभारी के रूप में आलोक ठाकुर पप्पू ठाकुर कुणाल शर्मा किशोर सिंह आयुष मोहित शर्मा चुने गए हैं कोषाध्यक्ष के तौर पर शैलेश वर्मा तथा गोविंद कुमार को चुना गया है। संरक्षक के तौर पर शत्रुघ्न तिर्की, नंदकिशोर सिंह, मिथिलेश तिवारी, दिलीप,करमा उरांव, स्नेहा सिंह, अरुण वर्मा, आलोक वर्मा, आनंद ठाकुर, राजीव सिंह, गौतम चंद, प्रभात भगत, विमल कांत सिंह, मह, वर्मा, रिंकू वर्मा, रामखेलावन गुप्ता, राजू गुप्ता, अजय ओझा, मंगरा यादव, संजय साहू, रवि सिंह, राकेश शर्मा, राजेश महतो, छोटन शर्मा, भरत शर्मा, सूरज वर्मा, किशोर वर्मा, पंकज कुंवर के साथ अन्य लोग शामिल है। जिसमें सदस्य के रूप में सत्येंद्र, जितेंद्र सिंह, विवेक सोनी, कुणाल चौरसिया, संतोष सिंह, सुमित, अंकुर, परमानंद तिवारी, सूरज तिवारी, सुशील पटनायक, मोनू, छोटू, राज शर्मा, संदीप शर्मा, सतीश,  नीरज वर्मा, मुन्ना, रवि, निखिल, सुधीर सोन, आनंद कैलाश, आकाश वर्मा, राहुल, रोहित, विशाल, सौरभ, हैप्पी, कन्हाई, केसरी, अमित, धनंजय तथा अमित मुंडा शामिल है। बताते चले की संरक्षक के तौर पर शत्रुघ्न तिर्की, नंदकिशोर सिंह, मिथिलेश तिवारी, दिलीप, करमा उरांव, स्नेहा सिंह, अरुण वर्मा, आलोक वर्मा, आनंद ठाकुर, राजीव सिंह, गौतम चंद, प्रभात भगत, विमल कांत सिंह, मह, वर्मा, रिंकू वर्मा, रामखेलावन गुप्ता, राजू गुप्ता, अजय ओझा, मंगरा यादव, संजय साहू, रवि सिंह, राकेश शर्मा, राजेश महतो, छोटन शर्मा, भरत शर्मा, सूरज वर्मा, किशोर वर्मा, पंकज कुमार के साथ अन्य लोग शामिल है।

# आश्वासन देने वाला नहीं, सुशासन देने वाला नेता चाहिए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और झापा नेत्री आईरीन एक्का के प्रयास से सागजोर धवईटोली गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हुई। गांव में पिछले कई दिनों से जले ट्रांसफार्मर की मरम्मत होने के बाद गांव में बिजली आने पर लोगों ने झापा नेताओं के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि गांव का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला पड़ा था, लेकिन किसी ने भी सुध नहीं ली। उन्होंने बताया कि एनोस एक्का और आईरीन एक्का को समस्या की जानकारी होते ही उन्होंने तुरंत पहल करते हुए ट्रांसफार्मर को मरम्मत कराने का काम किया। ग्रामीणों ने आईरीन एक्का का गांव में स्वागत करते हुए कहा कि अब आश्वासन देने वाला नेता नहीं अब सुशासन देने वाले नेता का चयन किया जाएगा। मौके पर आईरीन एक्का ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जनता की सेवा करना चाहती है और जनता का प्यार और आशीर्वाद उन्हें चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी हर समस्या का समाधान करने का जज्बा रखती है, और कार्य करने का विजन भी रखती है। मौके पर अमन खेस, गजेधर प्रधान, प्रभाकर तिर्की, धीरज बेक, सतीश प्रधान, किशोर मांझी, बसंती देवी, सरिता देवी, ललिता, अनिमा बिलुंग, अलमा टोप्पो, सलमा तिग्गा, दयामनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लीड्स संस्था द्वारा आयोजन किए गए हॉकी टूर्नामेंट प्रतियोगिता में पहाड़सारा गांव की टीम बनी विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लीड्स संस्था और अंधेरी हिल्फे बॉन परियोजना के तहत केरसई प्रखण्ड में एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30.09.2024 को आर.सी पाकरटोली हॉकी मैदान पाकरटोली, प्रखण्ड केरसई में किया गया। इस प्रतियोगिता में लीड्स संस्था के कार्यक्षेत्र के 5 गांव से पहाड़सारा, पाकरटोली, गोरारजोर, कोरकोटजोर, कोनसकेली एवं आर.सी पाकरटोली मध्य विद्यालय की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ केरसई प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री देवकांत सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया तथा ब्रह्ह के द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए खेल प्रारम्भ किया गया। इस प्रतियोगिता में फाइनल मैच पहाड़सारा 1S




कोरकोटज़ोर की टीम के बीच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक मुकाबला रहा और अंत में पेनाल्टी के माध्यम से ग्राम पहाड़सारा की टीम ने विजय हासिल कि तथा कोरकोटजोर की टीम उप विजेता घोषित की गई जिन्हे जीप सदस्य श्रीमती प्रेमा बाड़ा के हाथो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में अधिक गॉल करने वाले प्लेयर आलोक लकड़ा जो पहाड़सारा टीम से एवं मैन ऑफ द मैच अनुप तिर्की जो कोरकोटजोर टीम से है उन्हे घोषित किया गया। लीड्स संस्था के आजीविका विशेषज्ञ मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा बताया की इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच खेल के प्रति रुचि को बढ़ाना और खेल के क्षेत्र में उन्हें आगे लाना संस्था का उद्देश्य है। कार्यक्रम में लीड्स संस्था से संदीप कुमार, प्रदीप टोप्पो, विवेक लकड़ा, सुमीरा बड़ाईक, खीसतोफर केरकेट्टा एवम ग्रामीण उपस्थित हुए।

## वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक बैठक हुई संपन्न



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति,झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु-विद्या मन्दिर लचरागढ़ में दिनाँक 30/09/2024 को प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू जी के अध्यक्षता में मासान्त बैठक की गई। सर्वप्रथम भारत माता,विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती और  के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात ब्रह्मनाद की ध्वनि के साथ बैठक प्रारम्भ की गई।इस बैठक में गुणवता पूर्ण शिक्षा बच्चों को मिले इस पर चिंतन हुआ।साथ ही संस्कार पक्ष मज़बूत हो इसलिए प्रतिदिन कक्षा में चर्चा हो।आगामी संभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक हेतु प्रत्येक विभाग के आवश्यक सामग्री की सूची बनी। अभिभावक सम्पर्क विद्यालय विकास का आधार है इसे बल देते हुए 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक अभिभावक सम्पर्क महाअभियान चलेगा। जिसमें कक्षाचार्य अपने कक्षा के बच्चों के घर जाकर अभिभावक से वार्ता करेंगे और शिशु के सर्वांगीण विकास पर चिंतन-मंथन होगा। 27, 28 अक्टूबर 2024 को आयोजित शिशु शिविर की तैयारी की योजना बनी। अंत में सुभकामना मंत्र के साथ बैठक की समाप्ति की गई ।इस बैठक में आचार्य श्री प्रमोद पाणिग्रही, विमल टेटे, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, सुदर्शन कुमार, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, रेखा देवी, सुनीति कुमारी उपस्थित थे।

# मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में 32 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, सभी रक्तवीरों को उपहार स्वरूप दिया गया हेलमेट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इमरजेंसी केयर और मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पतराटोली में स्थित मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर हॉस्पिटल के उपाधीक्षक डॉ शंभूनाथ चौधरी, समाज सेवी हाजी जबारूल, अस्पताल निदेशक अजय मधुर, सावित्री मधुर, डॉ विवेक मधुर, डॉ नेहा ज्योति मधुर, इमरजेंसी केयर के अध्यक्ष विक्रम चौहान, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, सचिव देशराज गोयल, एचआर हेड सजल कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, निखिल बर्मन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में शाम तक 32 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर एक-एक हेलमेट भी दिया गया। उपाधीक्षक शंभूनाथ चौधरी ने रक्तदान की आवश्यकता और इसके होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला।




वर्तमान में लोहरदगा में खून की बहुत जरूरत पड़ रही है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने सभी रक्तदाताओं को हेलमेट उपहार स्वरूप दिया, साथ ही साथ सभी रक्तदाताओं का अभिवादन भी किया। इस रक्तदान शिविर में अध्यक्ष विक्रम चौहान ने रक्तदान को एक सूत्र में जोड़ने वाला कार्य बताया, जिसमें रक्तदाता जात पात,ऊंच नीच, भेदभाव से ऊपर उठ कर सेवा भाव से काम करते हैं, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि रक्तदान के साथ साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी हमें आगे आने की जरूरत है,खून दे कर जीवन देना सबसे बड़ा नेकी का काम है। सचिव देशराज ने शहर के सभी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाने की अपील की। एच आर हेड सजल कुमार ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। रक्तदान जरूर करना चाहिए। डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी, डॉ विवेक मधुर और डॉ नेहा ज्योति ने लोहरदगा में इमरजेंसी केयर के कार्यों की सराहना कि और कहा उनका प्रयास होगा कि समय समय पर अपने हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाते रहें। हाजी जबारूल ने कहा कि संस्था के युवाओं का उत्साह दूसरे लोगों को भी रक्तदान को लेकर प्रेरणा देता है। जब कभी भी किसी को रक्त की आवश्यकता हुई, संस्था के युवाओं ने रक्तदान कर अपना दायित्व निभाया है।

# जितिया जतरा के अवसर पर इरगांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इरगांव में आयोजित जितिया जतरा के अवसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ। इस विशेष मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री अभिनव सिद्धार्थ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री सिद्धार्थ ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष, जतरा के साथ ही एक 4 दिवसीय प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय और आसपास के गांवों की कई टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री अभिनव सिद्धार्थ ने अपने संबोधन में कहा, खेल हमारे समाज को एकजुट करता है और युवा पीढ़ी को अनुशासन, मेहनत, और समर्पण का पाठ सिखाता है। उन्होंने आयोजन समिति



को भी इस शानदार प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समारोह के दौरान,श्री सिद्धार्थ ने खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और उनके अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और युवाओं को एक बेहतर दिशा प्रदान करते हैं। खोड़हा  दल के नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जतरा का उत्सव जारी रहा। इरगांव और आसपास के गांवों के खोड़हा दल और लोगों ने बड़ी संख्या में इस अवसर पर भाग लिया, जिससे गांव में एक उत्सवी माहौल बना रहा। आयोजन समिति द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन और जतरा के भव्य आयोजन के लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया। समापन समारोह का अंत सामूहिक भोज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## शोभा यात्रा पारंपरिक ढोल नगाड़ों और झंडों पताकों के साथ निकाली जाएगी : संतोष लकड़ा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री रामचरित्र मानस समिति लोहरदगा की एक अहम बैठक ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गुदरी बाजार, लोहरदगा में श्री रामचरित्र मानस नवाहयण परायण महायज्ञ समिति लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र खत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक पर कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई, तीन अक्टूबर 2024 को पावरगंज स्थित प्राचीन देवी मंदिर से सुबह 7:00 कलश लेते हुए एक वृहत रूप से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो की ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में पहुंचकर कलश की स्थापना करते हुए नवरात्रि का पूजन प्रारंभ होगी,यह शोभा यात्रा को बृहद रूप बनाने में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी लोग लगे हुए हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने कहा कि शोभा यात्रा पारंपरिक ढोल नगाड़ों और झंडों पताकों के साथ निकाली जाएगी,उन्होंने सभी सनातनियों से आग्रह किया है कि इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या मे अवश्य शामिल हो। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र खत्री ने कहा की इस नव दिन तक नवाह्यण परायण पाठ महाराज इंद्र शंकर झा व्यास जी अपने साथ सात ब्राह्मणों के द्वारा करेंगे।

## चलते चलते एक नजर

### बाढ़ में फंसे भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नम्बर




**काठमांडू :** काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास ने नेपाल में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में फंसे अपने नागरिकों के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए अपने नागरिकों से तत्काल दूतावास में संपर्क करने की अपील की है।भारतीय दूतावास की तरफ से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में कुछ भारतीय नागरिकों के फंसे होने की जानकारी मिली है। देश के सभी प्रमुख राजमार्गों के बंद होने के कारण कई भारतीय पर्यटक रास्ते में ही फंसे हुए हैं। दूतावास ने कहा है कि बीच रास्ते में फंसे कुछ भारतीय नागरिकों के संपर्क में आने और उन्हें सुरक्षित काठमांडू लाने का प्रयास किया जा रहा है।दूतावास ने कहा है कि नेपाल के सुरक्षाकर्मियों और राहत कार्य में जुटे सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक आपदा में फंसे भारतीय लोगों की सुरक्षित वापसी का प्रबंध किया जा रहा है। दूतावास ने इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए प्राकृतिक आपदा में फंसे लोगों से उस पर तत्काल संपर्क करने को कहा है।दूतावास की तरफ से तीन टेलीफोन नंबर जारी किए गए हैं, जो इस प्रकार हैं:इमरजेंसी हेल्पलाइन+977985131687 कंसूलर विभाग+9779851107021 एएसओ कंसुलर - +9779749833292।

### लघु खनिज के बाबत डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट से संबंधित अनुमण्डल स्तरीय की बैठक सम्पन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 30 सितंबर 2024 को पत्थर लघु खजिन के बाबत अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) के अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोडकर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को दिनांक 12.06.2024 को रॉंची जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया। 21 दिनों की अवधि के पश्चात आम जनता से आपत्ति/सुझाव के पश्चात ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को संशोधित भी किया गया। विचार-विमर्श के बाद अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किये गये डीएसआर का अनुमोदन कियाा गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर/बुण्डू, कार्यपालक अभियंता, सिचाई विभाग, रांची, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, भूतत्व, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, रांची उपस्थित थे।

# बिजली बिल माफ, विरोधी साफ : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार ने पूरे राज्य के सभी गरीब बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर दी है। इसके तहत गढ़वा के लगभग दो लाख उपभोक्ताओं का करीब 90.5 करोड रुपए का बिजली बिल माफ कर दिया गया है। अब गरीब उपभोक्ताओं को बिजली का बकाया बिल एक रुपए भी नहीं भरना पड़ेगा। उपभोक्ताओं ने सरकार के इस फैसले से काफी राहत की सांस ली है।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड के संवेदनशील हेमंत सरकार ने गढ़वा सहित झारखंड के लाखों ग़रीब उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ़ कर दिया है। उन्होंने बताया कि सिर्फ़ गढ़वा ज़िले में एक लाख 82 हज़ार 929 उपभोक्ताओं की 90 करोड़ 39 लाख 86 हज़ार रुपए बिजली बिल माफ़ की गई है। इसके तहत गढ़वा वन डिवीजन में कुल एक लाख 28 हजार 516 उपभोक्ताओं का 65 करोड़ 78 लाख 80 रुपए तथा गढ़वा टू डिविजन में 54413



उपभोक्ताओं का 24 करोड़ 61लाख छह हजार रूपए माफ किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जल्द ही सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेंगे। ताकि भविष्य में कोई भी इन्हें राशि भुगतान करने के लिए मजबूर न कर सके। यह सरकार गरीब गुरबों की सरकार है। उनके हितों व अधिकारों के लिए काम करती है। इसे हमें बनाए रखना है। मंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों का बिजली बिल माफ और विरोधी साफ हो गए हैं। साथ ही झारखंड सरकार ने गरीब किसानों का दो लाख रुपए तक का लोन भी माफ कर दी है। जिससे लोन के बोझ तले दबे किसानों को भी बहुत बड़ी राहत मिली है। सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर कार्य कर रही।

### अनुमण्डल स्तरीय समिति के जरिये तैयार डीएसआर का किया गया अनुमोदन

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को पत्थर लघु खनिज के बाबत अनुमण्डल स्तरीय समिति की ओर से तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) के अनुमोदन के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी के जरिये बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति की ओर से रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोडकर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को 12 जून को जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया।

## उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू



**एजेंसी**

**देहरादून :** भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण सोमवार को उत्तराखंड में विकसित और आधुनिक विदेशी प्रशिक्षण नोड औली में शुरू हुआ। यह अभ्यास 13 अक्टूबर तक चलेगा।संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में कजाकिस्तान के कर्नल करिबयेव नुरलान सेरिकबायविच कमांडर कजाकिस्तान कान्टींजेन्ट और कर्नल योगेश उपाध्याय, कमांडर भारतीय कान्टींजेन्ट ने भाग लिया। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। अंतिम संस्करण जुलाई 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से पांचवीं बटालियन कुमाऊं रेजिमेंट के अलावा भारतीय वायु सेना तथा सेना के अन्य आर्म्स और सर्विसेज के कर्मी कर रहे हैं। भारत और कजाकिस्तान के पर्यवेक्षक भी अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तानी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से लैंड फोर्सेज, एयर डिफेंस फोर्सेज और एयर बोर्न असाल्ट ट्रुपर के कर्मी करेंगे।काजिंद-2024 अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय सात के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। संयुक्त अभ्यास अर्द्धशहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित होगा। संयुक्त प्रशिक्षण से उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास व सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना होगा है।

## अवैध शराब के खिलाफ सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने की छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, थाना प्रभाारी उत्तम कुमार राय व उत्पाद विभााग की टीम ने रविवार की रात सदर प्रखंड क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी आभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान ग्राम मटपुरही, सुआ शराब भाट्ठी समेत सदर थाना क्षेत्र के लाईन होटलों, किराना दुकानों में अवैध शराब की जांच की गई। इस दौरान पुलिस को कुछ जगहों से अवैध शराब भी बरामद हुआ है। इधर प्रशासन द्वारा चलाये गये छापेमारी अभियान की भनक लगते ही शराब बिक्रेता घर छोड़कर भाग गये। सदर एसडीओ ने कहा कि लाईन होटलों व किराना दुकानों में भी छापेमारी की गई। साथ ही शराब भट्ठी में जांच की गई इस दौरान शराब बिक्रेता फरार हो गये हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व विधानसभा चुनाव को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शराब भट्ठी संचालक व शराब बिक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री बंद कर दें। छापेमारी में अवैध शराब के साथ पकड़े जाने कार्रवाई की जायेगी। सदर थाना प्रभाारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शराब पर प्रतिबंध लगाया गया है। कहा कि इस दौरान



गश्ती बल की तैनाती की जायेगी। क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करनेवाले सुधर जायें अन्यथा जेल भेजा जायेगा। शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर, एएसआई भरत भूषण समाड़, सदर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

